राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 364
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 26 नवंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बीसीएएस ने की सुरक्षा जांच पूरी
पेज 4 जिलाधिकारी ने गौहनिया प्राथमिक विद्यालय में एसआईआर
पेज 6 भारतीय बल्लेबाजों की नाकामी कोच की गलती नहीं : सुरेश रैना ने

## संक्षिप्त खबरें

### बच्ची से रेप केस : सीएम ने रायसेन एसपी को हटाया

**मंडीदीप ( रायसेन )।** रायसेन के गौहरगंज में 6 साल की बच्ची से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी मांग को लेकर तीन दिन से चल रहे धरना प्रदर्शन पर सरकार सख्त हो गई है। सीएम मोहन यादव ने रात सवा 8 बजे पीएचक्यू में सीएस, डीजीपी, एडीजी इंटेलिजेंस , पुलिस कमिश्नर भोपाल समेत उच्च अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान रायसेन में बच्ची से रेप के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर उन्होंने नाखुशी जताई। साथ ही चक्काजाम पर पुलिस की ढीली कार्रवाई से भी नाराज दिखे। उन्होंने रायसेन एसपी पंकज पांडेय को हटाकर मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए। उनकी जगह आशुतोष को रायसेन का नया एसपी बनाया गया है।

### पाकिस्तान से जुड़े नौसेना जासूसी मामले में दो और दोषियों को सजा

**नई दिल्ली।** विशाखापत्तनम नौसेना जासूसी मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की एक अदालत ने मंगलवार को दो और दोषियों को कारावास की सजा सुनाई। पाकिस्तान से जुड़े इस मामले में अदालत ने दोषियों पर जुर्माना भी लगाया। दोषियों की पहचान अशोक कुमार और विकास कुमार के रूप में हुई है। दोनों राजस्थान के निवासी हैं। उन्हें पांच वर्ष 11 महीने साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। यदि वे पांच हजार रुपये जुर्माने का भुगतान नहीं करते हैं, तो उन्हें एक वर्ष अधिक जेल में रहना पड़ेगा।

### विरोध प्रदर्शन



नई दिल्ली में सेंट कोलंबा स्कूल के बाहर, कक्षा 10 के एक छात्र, जिसने कथित तौर पर मानसिक उत्पीड़न के कारण आत्महत्या कर ली थी, के अभिभावकों और स्कूली छात्रों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# चीन बोला- अरुणाचल हमारा, इस पर भारत का अवैध कब्जा

## हम इसे मान्यता नहीं देते; भारत बोला- अरुणाचल हमारा अभिन्न हिस्सा, सच्चाई बदल नहीं सकती

बीजिंग। चीन ने एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताया है। मंगलवार को चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि जांगनान (अरुणाचल प्रदेश) हमारा हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चीन ने भारत के अवैध तरीके से बसाए अरुणाचल प्रदेश को कभी मान्यता नहीं दी।

चीन का यह बयान भारतीय महिला पेम वांगजॉम थांगडॉक के साथ शंघाई एयरपोर्ट पर बदसलूकी के आरोपों के सवाल पर आया। चीन ने पेम के साथ बदसलूकी के आरोपों को भी नकार दिया है।



रणधीर जायसवाल ने मंगलवार रात एक्स पर पोस्ट कर चीन के बयान पर प्रतिक्रिया दी है।

चीन के इस बयान पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा है। चीन चाहे जितना भी इनकार करे, सच्चाई नहीं बदल सकती। जायसवाल ने बताया कि भारत ने पेम की हिरासत के मामले को चीन के सामने कड़े शब्दों में उठाया है। चीनी अधिकारी अब तक यह नहीं बता पाए हैं कि महिला को क्यों रोका गया। चीन के अपने नियम भी 24 घंटे तक बिना वीजा ट्रांजिट की अनुमति देते हैं, जो सभी देशों के नागरिकों पर लागू होते हैं।

### भारतीय महिला के पासपोर्ट को अवैध बताया था

ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय पेम ने आरोप लगाया था कि चीनी अधिकारियों ने उनके भारतीय पासपोर्ट को अवैध बताया था, क्योंकि उसमें जन्मस्थान के तौर पर अरुणाचल प्रदेश लिखा हुआ था। वह 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर उनका 3 घंटे का ट्रांजिट था।

इसके जवाब में चीनी प्रवक्ता माओ ने कहा कि महिला के साथ कोई जबरदस्ती, हिरासत या परेशान करने जैसा व्यवहार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि एयरलाइन ने महिला को आराम, पानी और खाने की सुविधा भी दी।

# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

## राख का 15 किमी ऊंचा गुबार उठा; 4300 किमी दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द



**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद रविवार को फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई। सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर भारत के राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली-एनसीआर और पंजाब तक फैल गई।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि राख के बादल मंगलवार शाम 7: 30 बजे तक भारत से साफ हो जाएंगे और चीन की ओर बढ़ जाएंगे।

इस गुबार की वजह से एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द कर दी थीं। एक्सपर्ट्स ने बताया था कि इस गुबार की ऊंचाई इतनी ज्यादा थी कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम हुआ।

### घटना में अब तक किसी की मौत नहीं हुई

यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था। इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन यमन और ओमान की सरकार ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा है, खासकर जिन्हें सांस की तकलीफ रहती है। आसमान में फैले राख की वजह से हवाई जहाजों को भी दिक्कत हो रही थी। राख की वजह से दिल्ली-जयपुर जैसे इलाकों में उड़ानों पर नजर रखी जा रही थी। राख के कण इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए इंटरनेशनल एविएशन प्रोटोकॉल के तहत सतर्कता बरती जा रही थी।

### केरल-लग्जरी कार मांगने पर पिता ने बेटे को रॉड मारी, इलाज के दौरान मौत

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में घरेलू विवाद के बाद पिता के हमले में घायल 28 साल के युवक की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लग्जरी कार खरीदने की मांग को लेकर हुए झगड़े में पिता ने पास रखी लोहे की रॉड से बेटे के सिर में मारा था। पुलिस ने बताया कि घटना 9 अक्टूबर को वंचियूर इलाके में हुई थी। वंचियूर में रहने वाले विनायानंदन के बेटे ऋत्विक ने उनसे लग्जरी कार खरीदने की मांग की थी। कुछ दिन पहले ही पिता ने उसके लिए करीब 15 लाख रुपए की एक लग्जरी बाइक खरीदी थी, लेकिन वह इससे खुश नहीं था। इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई।

# तापमान में आई गिरावट

- राजस्थान में बारिश का अलर्ट, सर्दी बढ़ेगी
- एमपी में अगले 4 दिन मौसम सामान्य; बिहार के 10 शहरों में सुबह के समय घना कोहरा



**भोपाल/जयपुर/देहरादून।** देश के पहाड़ी राज्यों की बर्फबारी से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ रही है। इस बीच राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 27 नवंबर से उदयपुर, जोधपुर, अजमेर संभाग के जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इससे सर्दी बढ़ेगी।

मध्यप्रदेश में लगातार 15 दिन तक शीतलहर चलने के बाद अब मौसम सामान्य रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि नवंबर के आखिरी हफ्ते में सर्दी से राहत मिलेगी।

हालांकि साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से राज्य के कई जिलों में बादल छा रहे हैं।

बिहार में बीते कुछ दिनों से सर्दी बढ़ गई है। मंगलवार को पटना, बेतिया, बगहा, समस्तीपुर गोपालगंज, मधेपुरा, सुपौल, बेगूसराय, जहानाबाद समेत 10 से ज्यादा जिलों में सुबह घना कोहरा देखने को मिला। अगले 24 घंटे में तापमान में 1-3 डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

# एसआईआर ड्यूटी में लगे टीचर ने जहर खाकर जान दी

## यूपी में मरने से पहले पत्नी से बोले- एसडीएम-बीडीओ परेशान कर रहे थे

गोंडा/लखनऊ। यूपी के गोंडा में मतदाता पुनरीक्षण कार्य में लगे टीचर बीएलओ ने जहर खाकर जान दे दी। मंगलवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे जहर खाने के बाद विपिन यादव को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। फिर वहां से लखनऊ के केजीएमयू रेफर कर दिया गया। वहां उनकी मौत हो गई।

बीएलओ विपिन यादव को गोंडा से एसडीएम सदर अशोक कुमार खुद लेकर लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे।



विपिन की हालत बेहद गंभीर थी। इसीलिए लखनऊ पहुंचने से पहले ही प्रशासनिक स्तर पर बीएलओ के इलाज के लिए तैयारी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए थे। स्वास्थ्य महकमे के भी कई अफसर ट्रॉमा सेंटर पहुंच गए थे। इस बीच जब बीएलओ विपिन यादव को ट्रॉमा सेंटर लाया गया, तो डॉक्टरों ने करीब आधे घंटे तक उनको रिवाइव करने की कोशिश की। बाद में डॉक्टरों ने ब्रॉट डेट घोषित कर दिया। वहीं, टीचरों की नाराजगी को देखते हुए लखनऊ में केजीएमयू के अंदर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया। बाद में शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। विसरा सुरक्षित कर लिया गया। देर शाम परिवार वाले शव लेकर अपने गांव रवाना हो गए।

वहीं, मरने से पहले बीएलओ विपिन यादव की पत्नी सीमा यादव ने एक वीडियो जारी किया। जिसमें बीएलओ विपिन यादव ने तरबगंज एसडीएम, नवाबगंज बीएलओ और लेखपाल पर परेशान करने का आरोप लगाया। हालांकि, डीएम प्रियंका निरंजन ने इन आरोपों को गलत बताया था।

### बेंगलुरु में कैश वैन लूट का मामला, पुलिस ने 7.11 करोड़ बरामद किए

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में कैश वैन से हुई लूट मामले में पुलिस ने 7.11 करोड़ बरामद किए। इस मामले में 9 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जिनमें एक पुलिस कांस्टेबल अन्नप्पा नाइक भी शामिल है। घटना 23 नवंबर को हुई थी। दो दिन बाद 3 मुख्य आरोपियों को पकड़ा गया था, जिनसे ?5.76 करोड़ मिले। इसके बाद हैदराबाद के नमपल्ली मेट्रो स्टेशन के पास तीन और संदिग्धों को 54.74 लाख के साथ गिरफ्तार किया गया। सोमवार को तीन और आरोपियों को पकड़ा गया।

# ममता बोलीं- चुनाव आयोग अब बीजेपी आयोग बन गया

## कहा- यह निष्पक्ष संस्था नहीं; 10 टीएमसी सांसद 28 नवंबर को इलेक्शन कमीशन से मिलेंगे

**बोनगांव।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग अब निष्पक्ष नहीं रहा। यह 'बीजेपी आयोग' बन गया है। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें बंगाल में चुनौती दी गई, तो वे पूरे देश में बीजेपी की नींव हिला देंगी।

ममता बोनगांव में एंटी-एसआईआर रैली में को संबोधित कर रही थीं। ममता ने दावा किया कि यदि राज्य के मतुआ-बहुल क्षेत्रों में रहने वाले लोग नागरिकता (संशोधन) अधिनियम - सीएए के तहत स्वयं को विदेशी घोषित करते हैं, तो उन्हें तुरंत वोटर लिस्ट से हटा दिया जाएगा।

इधर टीएमसी के 10 सांसद 28 नवंबर को चुनाव आयोग से मिलेंगे। इसके लिए मंगलवार को पार्टी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार को लेटर लिखकर सभी 10 सांसदों के नाम भेजे हैं। हालांकि आयोग ने केवल



पांच सदस्यों वाले दल को ही मिलने के लिए बुलाया है।

### 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर जारी

28 अक्टूबर से देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट अपडेट का काम शुरू हो चुका है। यह 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिन के प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

ये राज्य हैं अंडमान निकोबार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान,तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल। असम में स्पेशल रिविजन हो रहा है।

# गुरुग्राम में ईडी के ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर छापे

## मनी लॉन्ड्रिंग में कसा शिकंजा; विन्जो व दूसरी कंपनी की 520 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के शक में ऑनलाइन रियल मनी गेमिंग की दो बड़ी कंपनियों पर एक साथ शिकंजा कसा है। बेंगलुरु और गुरुग्राम में चले सर्च ऑपरेशन में ईडी ने करीब 520 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति फ्रीज की। यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत की गई है।

ईडी की बेंगलुरु जोनल यूनिट ने




सबसे पहले बेहद लोकप्रिय ऑनलाइन गेमिंग ऐप 'विन्जो' चलाने वाली कंपनी विन्जो गेम्स प्राइवेट लिमिटेड के चार ठिकानों पर छापा मारा। विन्जो ऐप रियल मनी गेमिंग के क्षेत्र में तेजी से उभरी कंपनियों में से एक है।

### तमिलनाडु के मंत्री की हत्या मामले में बड़ा फैसला, बावरिया गैंग के तीन सदस्यों को उम्र कैद

**चेन्नई।** वर्ष 2005 में अन्नाद्रमुक के विधायक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री के. सुदर्शनम की हत्या और डकैती से जुड़े मामले में यहां की एक अदालत ने कुख्यात बावरिया गैंग के तीन सदस्यों को उम्र कैद की सजा सुनाई है। सुदर्शनम थिरुवल्लूर जिले के गुम्मिदीपोंडी से विधायक थे। नौ जनवरी, 2005 को तड़के 2.45 बजे बावरिया गैंग के पांच सदस्यों ने पेरियापलायम के पास थानाकुलम में सुदर्शनम के घर में घुसकर उन्हें गोली मार दी थी और उनकी पत्नी व बेटों पर हमला किया था। इस दौरान गैंग ने सोने के 62 गहने लूटे थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता के निर्देश पर दोषियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए तत्कालीन आइजीपी एसआर जांगिड़ के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीमें बनाई गई थीं। गिरफ्तार लोगों में से ओम प्रकाश और बूरा की वेल्लोर जेल में उम्रकैद की सजा के दौरान मौत हो गई। जमानत मिलने पर तीन महिलाएं फरार हो गईं।



## हैप्पी मॉर्निंग

डॉक्टर- मोटापे का एक ही इलाज है।
पप्पू- क्या डॉक्टर?
डॉक्टर- तुम रोज एक रोटी खाओ।
पप्पू- ये एक रोटी खाने के बाद खानी है या खाने से पहले?
डॉक्टर साहब बेहोश



## शायरी

जंगलों को काट कर कैसा ग़ज़ब हम ने किया
शहर जैसा एक आदम-ख़ोर पैदा कर लिया

## अर्थसार

सेंसेक्स:
84,587.01
-313.70 (0.37%)
निफ्टी:
25,884.80
-74.70

## मौसम



अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 56
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 28

# विधानसभा में सीएम सरमा बोले- सिंगर जुबीन का मर्डर हुआ

## मौत हादसा नहीं, एक आरोपी ने जान ली, बाकियों ने मदद की; अब तक 7 गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को विधानसभा में बताया कि सिंगर जुबीन गर्ग की मौत कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या थी।

सरमा ने कहा कि यह गैर इरादतन हत्या या आपराधिक साजिश नहीं, बल्कि साफ-साफ मर्डर था। सीएम ने दावा किया कि एक आरोपी ने सिंगर की जान ली। वहीं अन्य लोगों ने हत्या में उसकी मदद की।

असम विधानसभा में विपक्षी पार्टियां जुबीन की मौत पर चर्चा के



लिए स्थगन प्रस्ताव लेकर आई थीं। जिस पर सीएम सरमा ने विधानसभा में शीतकालीन सत्र के पहले दिन जवाब दिया।

सीएम ने बताया कि एसआईटी ने अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, 252 गवाहों से पूछताछ की है और 29 सामान जब्त किए हैं।

### दिल्ली ब्लास्ट

## बोला- यहीं से खरीदा 1600 किलो अमोनियम नाइट्रेट; अल फलाह यूनिवर्सिटी में डेढ़ घंटे छानबीन

# आतंकी डॉ. मुजम्मिल को फरीदाबाद-ग्ररुग्राम लेकर पहुंची एनआईए

**बल्लभगढ़।** दिल्ली ब्लास्ट में शामिल अल-फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील को लेकर राष्ट्रीय जांच एजेंसी फरीदाबाद और गुरुग्राम के सोहना की अनाज मंडी लेकर पहुंची। एनआईए की टीम ने फरीदाबाद, गुरुग्राम के सोहना और फतेहपुर तगा में करीब 4 घंटे तक विभिन्न लोकेशनों पर उसकी गतिविधि की पड़ताल की।

टीम ने अल फलाह यूनिवर्सिटी में उसके मेडिकल केबिन, रुम और सहयोगी-स्टूडेंट से संपर्क की छानबीन की। इसके अलावा मुजम्मिल ने लक्ष्मी बीज भंडार और मदान बीज भंडार की शिनाख्त की।




उसने जांच टीम को बताया कि वर्ष 2023 के जनवरी-फरवरी माह में इन्हीं दुकानों से अमोनियम नाइट्रेट खरीदा था।

सूत्रों के अनुसार, मुजम्मिल ने लक्ष्मी बीज भंडार से एक हजार किलोग्राम और मदान बीज भंडार से 600 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट खरीदा था। एनआईए टीम के पहुंचने पर अनाज मंडी में भारी भीड़ जमा हो गई।

### विदेशी हैंडलर ने भेजे थे 42 वीडियो

प्रकरण से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि फरीदाबाद से पकड़े गए टेरर मॉड्यूल में डॉक्टर मुजम्मिल ही वह व्यक्ति है, जिसे विदेशी हैंडलर की ओर से कुल 42 वीडियो भेजे गए थे। इन वीडियो में उसे विस्फोटक बनाने की विस्तृत विधियां सिखाई गई थीं। सुरक्षा एजेंसियां अब उन विदेशी हैंडलर की भूमिका, पहचान और नेटवर्क की गहन जांच कर रही हैं।

### अल फलाह यूनिवर्सिटी में डेढ़ घंटे कराई छानबीन

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एनआईए की टीम सबसे पहले मुजम्मिल को अल-फलाह यूनिवर्सिटी लेकर पहुंची, जहां वह पिछले लंबे समय से रह रहा था। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक यूनिवर्सिटी परिसर में उसके रहने, पढ़ने के स्थान, मेडिकल केबिन और उन जगहों की शिनाख्त करवाई, जहां वह मरीजों का इलाज किया करता था।

टीम ने पता किया कि वह किन स्टूडेंट्स के संपर्क में था और यूनिवर्सिटी परिसर में उसकी गतिविधियां क्या-क्या थी। यूनिवर्सिटी के कैंपस परिसर के उस हिस्से में भी लेकर जाया गया, जहां पर वह सुबह और शाम को घूमने के लिए जाता था। टीम ने उसकी अलमारी को दोबारा से चेक किया।

# संपादकीय

## देश का युवा बेहतर हवा के लिए खा रहा दिल्ली में लाठियां



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

दिल्ली की सड़कों पर नवंबर का महीना आते ही धुंध की चादर छा जाती है। हर साल की तरह इस बार भी एक्यूआई 500 के पार जा चुका है। बच्चे अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं, बुजुर्ग सांस की तकलीफ से जूझ रहे हैं, और बीच सड़क पर एक युवा पीढ़ी चिल्ला रही है –हमें साफ हवा चाहिए! लेकिन जवाब में मिल रही हैं पुलिस की लाठियां, वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले। सवाल यह है कि क्या साफ हवा मांगना अब दिल्ली में अपराध हो गया है?

पिछले हफ्ते जब हजारों युवा, ज्यादातर कॉलेज स्टूडेंट्स और युवा पेशेवर, जंतर-मंतर से संसद मार्ग तक मार्च कर रहे थे, उनका एक ही नारा था –पराली नहीं, सिस्टम जल रहा है! वे जानते हैं कि पंजाब-हरियाणा में पराली जलाना समस्या का सिर्फ एक हिस्सा है। असली जहर तो दिल्ली के चारों तरफ फैले इंडस्ट्रियल पॉल्यूशन, लाखों पुराने वाहन, कंस्ट्रक्शन डस्ट और कोयला-आधारित पावर प्लांट्स से आ रहा है। लेकिन सरकारें हर साल वही पुराना बहाना दोहराती हैं किसान कर रहे हैं। युवा पूछ रहा है – फिर दिल्ली में 15 साल से ज्यादा पुरानी गाड़ियां क्यों चल रही हैं? फिर एनसीआर में नए थर्मल प्लांट क्यों लग रहे हैं? फिर BS-VI लागू होने के बावजूद डीजल जेनरेटर क्यों चल रहे हैं?

इन सवालों का जवाब मांगते ही लाठियां बरसने लगती हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है – एक लड़की हाथ में प्लेकार्ड लिए चिल्ला रही है, मुझे सांस लेने दो, और अगले ही पल पुलिस उसे घसीट कर बस में ठूंस देती है। एक लड़का खांसते-खांसते कह रहा है, हम प्रदूषण के खिलाफ हैं, पुलिस के नहीं, लेकिन उसकी बात कोई सुनने को तैयार नहीं। क्या यही है हमारी आजादी का मतलब? कि साफ हवा मांगो तो देशद्रोही, और चुप रहो तो जिम्मेदार नागरिक?

दिल्ली में प्रदूषण अब सिर्फ पर्यावरण की समस्या नहीं रहा, यह पीढ़ी का अस्तित्व का सवाल बन गया है। आज का युवा वो नहीं जो 90 के दशक में पैदा हुआ और धुंध को कोहरा समझता था। आज का युवा बड़ा हो रहा है मास्क पहनकर। उसका बचपन अस्पताल की ऑक्सीजन और ने bulizer के साथ गुजरा है। वह जानता है कि 2030 तक दिल्ली का एक्यूआई अगर ऐसे ही रहा तो उसकी औसत आयु 5-7 साल कम हो जाएगी। वह जानता है कि लंग कैंसर और अस्थमा के केस दिल्ली-एनसीआर में सबसे ज्यादा हैं। इसलिए वह सड़क पर है। क्योंकि उसे पता है कि अगर आज नहीं बोला तो कल उसके बच्चे पैदा ही नहीं होंगे, या पैदा होंगे तो ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ।

लेकिन सबसे दुखद है सरकार का रवैया। एक तरफ मुख्यमंत्री कहते हैं, हम ऑड-ईवन ला रहे हैं, दूसरी तरफ उसी दिन VIP गाड़ियों को छूट दे दी जाती है। एक तरफ केंद्र कहता है, हम पराली पर सब्सिडी दे रहे हैं, लेकिन हकीकत में किसानों को मजबूरन पराली जलानी पड़ती है क्योंकि फसल चक्र में समय नहीं और मशीनें महंगी हैं। और जब युवा इसका विरोध करता है तो उसे शहरी नक्सली का तमगा दे दिया जाता है।

ये युवा कोई विदेशी एजेंडा नहीं चला रहा। ये वही युवा है जो सुबह 9 बजे ऑफिस जाता है, रात 12 बजे लौटता है, और फिर भी वीकेंड पर सड़क पर खड़ा है। क्योंकि उसे पता है कि वोट की राजनीति में उसकी सांस का कोई मूल्य नहीं। उसे पता है कि हर साल चुनाव से पहले साफ हवा का वादा होता है और चुनाव के बाद कोहरा।

आज जरूरत इस बात की है कि लाठियां रोक कर सवाल सुनें। युवा गलत नहीं कह रहा। वह सिर्फ अपना हक मांग रहा है – साफ हवा का हक, जीने का हक। अगर आज हमने उसे चुप करा दिया तो कल जब वह विदेश भाग जाएगा या साइलेंट हो जाएगा, तब हम फिर कहेंगे –हमारे देश का युवा कुछ करता क्यों नहीं?

दिल्ली की धुंध मिटेगी नहीं लाठियों से। वह मिटेगी जब सिस्टम बदलेगा। और सिस्टम तभी बदलेगा जब युवा की आवाज सुनी जाएगी, दबाई नहीं।

## खतरनाक मंसूबे


नापाक पाक की ओर से सीमावर्ती राज्य पंजाब को अस्थिर करने की साजिश पिछली सदी से लगातार की जा रही है। लेकिन अब नशे का नश्तर सुनियोजित ढंग से इसके सीने पर जिस ढंग से चलाया जा रहा है, वह परेशान करने वाला है। पंजाब के पाक सीमा से लगे जिलों में नशीले पदार्थों की आपूर्ति लगातार जारी है। लेकिन अब इस साजिश में एक विचलित करने वाला अनैतिक मोड़ देखने को मिल रहा है। इसमें पाक स्थित ड्रग माफिया भारतीय सीमा में नाबालिगों को एक नशा आपूर्तिकर्ता के तौर पर भर्ती कर रहे हैं। यह कोई मामूली साजिश नहीं है, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। ये तकनीकी बदलावों, कानून की खामियों और सबसे बढ़कर बच्चों की मासूमियत का फायदा उठाने का कुत्सित प्रयास ही है। दरअसल, सीमा पार बैठे नशा माफिया कानून के छिद्रों व परिस्थितियों का लाभ उठाने से नहीं चूकते। अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के किशोरों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। इन किशोरों में कई आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवारों से हैं। जिन्हें चंद रुपयों का प्रलोभन दिया जाता है। उन्हें स्मार्टफोनों का लालच भी दिया जाता है। इसके अलावा जो किशोर नशे की दलदल में धंस चुके हैं उनकी कमजोर नस को पकड़कर उन्हें मुफ्त ड्रग्स का लालच दिया जाता है। किसी भी देश के किशोरों का नशे के संजाल में फंसना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बच्चे भविष्य के भारत के कर्णधार होते हैं। यदि वे अभी से नशे की दलदल और नशीले पदार्थों की आपूर्ति में लग जाएंगे तो देश-समाज का भविष्य कैसा होगा, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। जिस काम को किशोर लालच से अंजाम दे रहे हैं, सही मायनों में वह बेहद खतरनाक है। वे ड्रोन से गिराए गए हेरोइन के पैकेट व कुछ मामलों में खतरनाक अवैध हथियार उठाते हैं और उन्हें ड्रग माफिया द्वारा बताए गए एजेंटों तक पहुंचाते हैं।

दरअसल, आमतौर पर किशोरों की सामान्य सक्रियता को संदिग्ध नहीं माना जाता। उनका साफ-सुथरा रिकॉर्ड उन्हें कानून प्रवर्तन अधिकारियों की नजर से बचा लेता है। यदि नाबालिगों की गिरफ्तारी होती भी है तो वे भारतीय कानूनों के हिसाब से गंभीर सजा से बच जाते हैं। इस तरह, उनकी कम उम्र ही उन्हें सीमा पार बैठे नशे के तस्करों के लिये उपयोगी बना देती है। इन बच्चों के खिलाफ कार्रवाई करते समय प्रवर्तन एजेंसियों को उदार रवैया अपनाना चाहिए। दरअसल, कुछ बच्चे परिस्थितियों के मारे भी होते हैं। वे मूलतः अपराधी नहीं होते। कुछ शातिर अपराधी उनका इस्तेमाल करके इस अपराध की दलदल में धकेल देते हैं। सही मायनों में वे सीमा पार से रची गई साजिश और हमारी अपनी व्यवस्था की कमजोरियों के कुचक्र व उससे उपजी आपराधिक व्यवस्था में आसानी से फंस जाते हैं। असल में, भारतीय किशोर न्याय कानून का उद्देश्य नाबालिगों को सुधारना और सुरक्षा करना होता है। लेकिन इस कानून की मूल भावना का लाभ संगठित नेटवर्कों द्वारा अपने मंसूबों को अंजाम देने को उठाया जा रहा है। हम 21वीं सदी में नशे की तस्करी का मुकाबला बीसवीं सदी के उपायों से नहीं कर सकते हैं। कभी-कभार होने वाली गिरफ्तारियां, छिटपुट छापे और उदार चेतावनी अपर्याप्त कही जा सकती हैं। निश्चित रूप से अपराध की घातकता के अनुरूप ही प्रतिक्रिया देने की जरूरत है। सीमा की निगरानी व्यवस्था को अत्याधुनिक बनाये जाने की सख्त आवश्यकता है। स्कूलों, पंचायतों, सामुदायिक नेताओं और नागरिक समाज को पहले ही चेतावनी प्रणालियां बनानी चाहिए, ताकि पहचान हो सके कि बच्चों की परवरिश किस ढंग से की जा सके।

संविधान दिवस- 26 नवम्बर 2025

# संविधान : लोकतंत्र की आत्मा और सुशासन का आधार

-ललित गर्ग-




संविधान किसी भी राष्ट्र का चरित्र, मर्यादा और दिशा निर्धारित करता है। यह केवल विधिक दस्तावेज नहीं होता, बल्कि एक जीवंत मूल्य-व्यवस्था होती है जो राष्ट्र की आत्मा को परिभाषित करती है। संविधान दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण लोकतंत्र की स्थिरता, एकता और प्रगति का आधार हमारे संविधान की दूरदर्शिता, उदारता और संतुलन है। इसलिए किसी भी राष्ट्र में सुशासन की पहली और अनिवार्य शर्त यही है कि संविधान सर्वोच्च प्राथमिकता पर रहे, केवल शासन के लिए ही नहीं, बल्कि नागरिक जीवन के हर व्यवहार, आचरण और विचार में भी।

भारत गणराज्य का संविधान 26 नवम्बर 1949 को बनकर तैयार हुआ था। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ ? भीमराव आंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवम्बर 2015 से भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस सम्पूर्ण भारत में हर वर्ष मनाया जा रहा है। इससे पहले इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में मनाया जाता था। संविधान सभा ने भारत के संविधान को 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में 26 नवम्बर 1949 को पूरा कर राष्ट्र को समर्पित किया और 26 जनवरी 1950 से संविधान अमल में लाया गया। भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म प्राप्त कराने के लिए तथा उन सब में और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता, व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता, सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया।

भारत का संविधान दुनिया के सबसे विस्तृत एवं आधुनिक संविधानों में माना जाता है। यह हमें केवल अधिकार ही नहीं देता, बल्कि कर्तव्यों की भावना भी जगाता है। यह हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता से सज्जित करता है, साथ ही यह भी बताता है कि इन आदर्शों को जीवित रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।

जब किसी राष्ट्र में संविधान की अवहेलना शुरू होती है, तब लोकतंत्र डगमगाने लगता है। इसलिए संविधान का सम्मान करना एक विधिक प्रक्रिया का पालन मात्र नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चरित्र की बुनियाद है। आज संविधान दिवस पर यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि संविधान की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही दृढ़ता से बनी हुई है या नहीं? उत्तर स्पष्ट है–हाँ, क्योंकि हमारा समाज परिवर्तनशील है, चुनौतियाँ बदलती हैं, लेकिन न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे मूल आदर्श समय से परे हैं। संविधान की उपयोगिता तभी सिद्ध होती है जब शासनकर्ता उसे सर्वोपरि मानें और नागरिक उसे जीवन का नैतिक मार्गदर्शक बनाएं।

इसी संदर्भ में यह भी विचारणीय है कि संविधान को केवल हाथ में लेकर जगह-जगह प्रदर्शन करना, जैसाकि कुछ राजनीतिक नेता, विशेषकर राहुल गांधी, करते हैं, क्या सचमुच संविधान के सम्मान का प्रतीक है? संविधान की प्रति का सार्वजनिक प्रदर्शन तब सार्थक होता है जब उसके मूल्यों को जीवन में उतारा जाए, उसके अनुच्छेदों का पालन किया जाए, उसके प्रति संयम, गरिमा और श्रद्धा रखी जाए। संविधान को राजनीतिक हथियार बनाकर भीड़ भावनाओं को उकसाने का प्रयास, संविधान की आत्मा के विरुद्ध है। संविधान को मंचों पर लहराना सम्मान नहीं, बल्कि उसकी गंभीरता का अवमूल्यन है। संविधान कोई राजनीतिक पोस्टर या प्रदर्शन की वस्तु नहीं, वह राष्ट्र की मर्यादा का दस्तावेज है, जिसे विवेक, संयम और ईमानदारी से समझने एवं पालन करने की आवश्यकता होती है।

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का दृष्टिकोण भी यही रहा कि संविधान तभी सफल होगा जब उसके अनुयायी चरित्रवान, प्रतिबद्ध और राष्ट्रहित साधक हों। बाबा साहेब ने कहा था–संविधान कितना भी अच्छा क्यों न हो, यदि उसे चलाने वाले अच्छे नहीं होंगे तो वह खराब सिद्ध होगा। उनका यह चिंतन आज सबसे अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने संविधान को बनाया, पर उससे भी अधिक उन्होंने एक नैतिक चेतना जागृत की कि संविधान की शक्ति उसके लेखों में नहीं, बल्कि उस नागरिक चेतना में है जो उसे पालन करने के लिए तैयार रहती है। अंबेडकर का यह भी आग्रह था कि संविधान को केवल राजनीतिक बहस का साधन न बनाया जाए, बल्कि समाज सुधार और मनुष्य निर्माण की दिशा में उसका प्रयोग हो। उनके अनुसार संविधान को समझना यानी भारतीय समाज की आत्मा को समझना।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए उसे शासन का आधारस्तंभ बनाया है। वे बार-बार कहते रहे हैं कि संविधान हमारी शासन-व्यवस्था का पवित्र ग्रंथ है। उनकी दृष्टि में संविधान केवल कानूनों का संग्रह नहीं बल्कि अच्छे शासन, सामाजिक विश्वास और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। संसद के आरंभिक सत्र हों, प्रमुख राष्ट्रीय अवसर हों या आम जनता से संवाद, हर बार उन्होंने संविधान को सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने यह भी कहा है कि संविधान का पालन करना केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति का सर्वोच्च रूप है।卐 उनकी सरकार की प्राथमिकता यही रही है कि प्रत्येक नीति, प्रत्येक निर्णय और प्रत्येक योजना संवैधानिक मूल्यों के अनुरूप हो। मोदी के नेतृत्व में कई ऐसे प्रयास हुए जिनका उद्देश्य संविधान के प्रति जन-जागरण बढ़ाना था, जैसे 'संविधान के प्रति कर्तव्य पालन' अभियान, लोकतांत्रिक संस्थाओं को सुदृढ़ करना, पारदर्शी शासन एवं नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा। उन्होंने संविधान दिवस को केवल समारोह न बनाकर राष्ट्रीय आत्मचिंतन का पर्व बनाने का प्रयास किया, जिससे हर नागरिक संविधान को केवल पढ़े नहीं बल्कि महसूस करे, समझे और जिए।

संविधान का सम्मान केवल शासन की जिम्मेदारी भर नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन का हिस्सा होना चाहिए।

यदि नागरिक संविधान को केवल विद्यालयों की पाठ्यपुस्तकों में सीमित मानते रहेंगे, तो यह राष्ट्र अपने लोकतांत्रिक आदर्शों से दूर होता जाएगा। संविधान का वास्तविक सम्मान तब है जब हम अपने दैनिक जीवन में समानता का पालन करें, न्याय को महत्व दें, धर्मनिरपेक्ष दृष्टि रखें, किसी के साथ भेदभाव न करें, हिंसा या अराजकता के बजाय संवाद एवं शांति का मार्ग चुनें। आज जब दुनिया में असहिष्णुता, चरमपंथ और राजनीतिक कटुता बढ़ रही है, तब हमारा संविधान एक शीतल छाया की तरह हमें संरक्षण देता है। यह हमें बताता है कि राष्ट्र केवल सत्ता परिवर्तन का खेल नहीं बल्कि मूल्यों की निरंतरता है। संविधान इन्हीं मूल्यों को स्थिर रखता है।


संविधान दिवस हमें यह भी याद दिलाता है कि संविधान का सम्मान केवल राष्ट्रीय पर्वों पर नहीं बल्कि प्रतिदिन के जीवन में होना चाहिए। नागरिकों के मन में संविधान के प्रति आदर की आदत विकसित हो, यह तभी संभव है जब समाज में संवैधानिक शिक्षण को मजबूत किया जाए, देश के नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध कराया जाए और हर स्तर पर संवैधानिक आचरण को प्रोत्साहित किया जाए। आज आवश्यकता है कि संविधान को राजनीतिक विवादों से ऊपर उठाया जाए। उसे नारा, प्रदर्शन और विरोध की वस्तु न बनाया जाए। बल्कि उसे एक ऐसे प्रकाश स्तंभ के रूप में देखा जाए जो हमें न्यायपूर्ण, समतामूलक और शांतिपूर्ण समाज की ओर ले जाता है। यदि हम संविधान का सम्मान करेंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा; यदि हम इसकी अवमानना करेंगे तो लोकतंत्र कमजोर होगा।

संविधान दिवस केवल इतिहास का स्मरण नहीं है, यह भविष्य की जिम्मेदारी का बोध भी है। इसे मनाते हुए हमें अपनी राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दोहरानी चाहिए कि हम संविधान की रक्षा करेंगे, उसके मूल्यों को जीवन में उतारेंगे और अपने देश को ऐसा बनाएंगे जैसा हमारे संविधान ने परिकल्पित किया है, न्यायपूर्ण, समानतामूलक, स्वतंत्र और बंधुत्वपूर्ण।

इसी में भारत का भविष्य है, इसी में हमारी लोकतांत्रिक शक्ति का चरम है, और इसी में एक प्रगतिशील राष्ट्र की आत्मा बसती है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3721




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:




### काकुरो - 3720 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

एक चोर अदालत में अपनी गवाही देने खुद ही खड़ा हो गया। वहाँ खड़ा होकर जब वह अनाप-शनाप बकने लगा तो न्यायाधिश ने झुंझलाकर कहा- तुमको तो ठीक से झूठ भी नहीं बोलना आता।

चोर- तो मैं क्या करूँ महोदय।

न्यायाधिश- तुम एक वकील को अप्वाइंट क्यों नहीं कर लेते। ताकि तुम आसानी से झूठ बोल सको।

□ □ □

ब्यूटी-क्लीनिक पहुँची एक महिला डॉक्टर से बोली- मेरे चेहरे को और सुंदर बनाने के लिए क्या फीस लगेगी?

डॉक्टर साहब (गंभीर होकर बोले)- पाँच हजार पाँच सौ रुपए।

निराश होकर महिला बोली- इससे सस्ता कोई उपाय नहीं है क्या? सुझाइए न!

डॉक्टर साहन ने सलाह दी- इससे सस्ता उपाय भी है...। आप बस घूँघट काढ़ना शुरू कर दीजिए।

□ □ □

प्रेमी (प्रेमिका से)- क्या तुम जानती हो, संगीत में इतनी शक्ति है कि उससे पानी भी गरम हो सकता है।

प्रेमिका- हाँ हाँ क्यों नहीं! तुम्हारा गाना सुन कर मेरा खून खौल सकता है, तो फिर पानी क्यों नहीं?

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3721



**बायें से दायें:-**

१. इमरान हाशमी, दीपल शॉ की 'क्योंकि इतना प्यार' गीत वाली फिल्म-४
३. 'सौ दर्द हैं सौ राहतें' गीत वाली प्रीती, सलमान, अक्षय की फिल्म-२,१,२
६. आमिर खान, माधुरी दीक्षित की 'हम प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-२
७. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली अमिताभ, मनोज की फिल्म-२
८. मोहित अहलावत, निशा की 'धीमी धीमी सी जिंदगी' गीतवाली फिल्म-२
९. 'ये मुलाकात एक बहाना है' गीत वाली जीतेंद्र, सुलक्षणा की फिल्म-४
१०. अनिलकपूर, स्मिता की 'आसमान छत हो मेरी' गीत वाली फिल्म-३
११. 'एक था बचपन' गीत वाली अशोक कुमार, संजीव, सुमिता की फिल्म-४
१३. सनी, मीनाक्षी शेशाद्रि की 'गवाह हैं चाँद तारे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'सारे मोहल्ले में हल्ला' गीत वाली सुनील शेट्टी, पूजा बत्रा की फिल्म-२
१६. नसीर, जैकी, शिल्पा, की 'लड़का लड़की से' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं ऐसा क्यों हूँ' गीत वाली अमिताभ, ऋतिक की फिल्म-२
१८. जीतेंद्र, लीना की 'दुनिया ने मुझको समझा नाकारा' गीत वाली फिल्म-४
२०. 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली अनिलकपूर, पूनम की फिल्म-३
२३. संजयदत्त, उर्मिला की 'ये जान ले ले रे' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'प्यार मुझसे जो किया' गीत वाली फारूख शेख, दीप्ति की फिल्म-२,२
२५. अमिताभ, हेमा मालिनी की 'दूल्हा दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'चोरी चोरी जब नजरें मिली' गीत वाली बॉबी देओल, नेहा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'मितवा, कहे धड़कने तुझसे' गीत वाली अमिताभ, शाहरूख, जॉन, अभिषेक, काजोल की फिल्म-२,४,१,३
२. अजय, अभिषेक, रानी, करीना, 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' गीत वाली फिल्म-२
३. 'एक लड़की बस गई' गीत वाली सनी देओल, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
४. राहुल खन्ना, जॉन, मिथुन, लारा, अमीषा की 'बेचैन मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-३
५. 'कश पे कश लगाने दे' गीत वाली शरदकुमार, नंदा की फिल्म-२,२
६. ऋषि कपूर, शाहरूख, दिव्या की 'ऐसी दीवानगी देखी नहीं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'तुम्हारे प्यार में' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीव कुमार, आशा की फिल्म-३
९. नाना, सलमान, मनीषा, सीमा की 'आज मैं ऊपर आसमां नीचे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'मेरी बन्नो की आएगी' गीत वाली जैकी, जूही, अमृतासिंह की फिल्म-३
१२. अक्षय खन्ना, सोनाली बेंद्रे की 'सावन बरसे तरसे दिल' गीत वाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'दूध का कर्ज' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी?-३
१९. जैकी श्रॉफ मोहसिन खान, नीलम की 'दे दो दे दो मुझे दिल' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'रहने को घर नहीं है' गीत वाली संजय दत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२२. गिरीश कर्नाड, स्मिता पाटिल की 'म्हारो गाँव काथिया पारे' गीत वाली श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3720



## सूडोकु -3721

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3721



**बाएँ से दाएँ**

1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**

1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली -3720 का हल



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर बीसीएएस ने की सुरक्षा जांच पूरी

**इसी महीने के अंत तक मिल सकता है एयरोड्रम लाइसेंस**

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के शुभारंभ की दिशा में तैयारियां तेज़ हो गई हैं। सोमवार को ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी की टीम ने एयरपोर्ट के सुरक्षा तंत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। यह जांच एयरोड्रम लाइसेंस मिलने से पहले की अंतिम प्रक्रियाओं में से एक मानी जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि सभी मंजूरियां समय पर मिल जाती हैं, तो इस महीने के अंत तक लाइसेंस जारी किया जा सकता है।

### इन सिस्टम का गहनता से की जांच

BCAS की स्टैंडिंग कमेटी ने टर्मिनल और एयर साइड दोनों क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा प्रणालियों का जायजा लिया। टीम ने स्क्रीनिंग सिस्टम, सर्विलांस नेटवर्क, एक्सेस कंट्रोल व्यवस्था और अन्य सुरक्षा इंस्टॉलेशन की गहन पड़ताल की। साथ ही, यह भी परखा गया कि एयरपोर्ट स्टाफ सभी सुरक्षा मानकों के अनुरूप तैयार है या नहीं।

दो दिनों तक चल रही इस जांच के पहले चरण को सोमवार को पूरा करने के बाद समिति मंगलवार को दूसरे चरण में अतिरिक्त सुरक्षा बिंदुओं और उपकरणों के प्रदर्शन का सत्यापन करेगी।

### आज जांच के बाद समिति देगी रिपोर्ट

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अधिकारियों के अनुसार, समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, जिसके आधार पर डीजीसीए एयरोड्रम लाइसेंस पर अंतिम निर्णय लेगा।



इससे पहले गुरुवार को डीजीसीए, यूपी सिविल एविएशन विभाग, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय, NIAL, CISF और एयरलाइन प्रतिनिधियों की एक उच्च-स्तरीय बैठक में एटीसी टावर और टर्मिनल बिल्डिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण सुविधाओं की तैयारियों का मूल्यांकन किया गया था।

अधिकारियों का कहना है कि BCAS की जांच सुचारू रूप से पूरी होने के बाद एयरपोर्ट 30 नवंबर तक लाइसेंस पाने की स्थिति में है। एयरोड्रम लाइसेंस ही वह अंतिम प्रमुख मंजूरी है जिसके बाद एयरपोर्ट को औपचारिक रूप से चालू किया जा सकेगा।

### ये इंफ्रा हो चुका पूरा

एयरपोर्ट का अधिकांश इन्फ्रास्ट्रक्चर जिसमें रनवे, टैक्सी वे, टर्मिनल और सपोर्ट सिस्टम शामिल हैं लगभग पूरा हो चुका है। बैगेज हैंडलिंग सिस्टम, सुरक्षा जांच, पैसेंजर मूवमेंट और बोर्डिंग प्रक्रियाओं के तकनीकी परीक्षण जारी हैं, ताकि संचालन शुरू होने पर कोई बाधा न आए।

NIAL के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया ने बताया, हम उम्मीद कर रहे हैं कि महीने के अंत तक एयरोड्रम लाइसेंस मिल जाएगा। टीम ने सभी सिस्टम की जांच की है और वे मानकों पर खरे उतर रहे हैं।

### लाइसेंस जारी होते ही बुकिंग डेट होगी तय

लाइसेंस जारी होने के बाद YIAPL एयर इंडिया, आकासा एयर और इंडिगो के साथ मिलकर उड़ानें शुरू करने की तिथि तय करेगा। संभावना है कि वाणिज्यिक उड़ानें अगले वर्ष की शुरुआत में शुरू हों, क्योंकि एयरलाइंस को स्लॉट और शेड्यूल तय करने में समय लगता है। उद्घाटन की तिथि अभी प्रधानमंत्री कार्यालय की पुष्टि का इंतजार कर रही है।

शुरुआत में एयरपोर्ट से घरेलू यात्री और कार्गो सेवाएं दिन के समय में शुरू की जाएंगी।

# पुलिस ने 12 घंटे में दोनों हत्यारोपी को पकड़ा

**प्रेमिका की बेटी से बात करना नहीं था पसंद, दोस्तों के साथ मिलकर गला घोंटा**

**नोएडा।** नोएडा के थाना फेज-2 क्षेत्र में एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने 12 घंटे के भीतर ही दोनों आरोपियों को एनएसईजेड के पास स्थित ग्रीन बेल्ट से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान अल्ताफ और फैजान के रूप में हुई है, जो हापुड़ जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार, दोनों आरोपी वेल्डिंग और स्टील के गेट बनाने का काम करते हैं। फैजान पिछले 5-6 दिन पहले ही अल्ताफ के साथ हेल्पर के रूप में काम करने आया था।

### प्रेमिका की बेटी से प्रेम करता था ओमकार

अल्ताफ अपनी प्रेमिका की नाबालिग बेटी से प्रेम करने वाले ओमकार की हरकतों से नाराज रहता था। उसे अपनी प्रेमिका की बेटी से बात करने से मना करता था। लेकिन ओमकार बार-बार ऐसा करता रहा। 23 नवंबर को अल्ताफ की प्रेमिका अपनी बहन की शादी में गांव चली गई थी। उसी दिन शाम को ओमकार प्रेमिका की बेटी के कमरे के नीचे गली में घूम रहा था। जिसे देखकर अल्ताफ को गुस्सा आ गया।



अल्ताफ ने ओमकार को प्यार से ऊपर बुलाया और मीठी बातें करते हुए समझाया। ओमकार ने सिगरेट के लिए कहा तो अल्ताफ ने नीचे दुकान से उधार लाने को कहा।

ओमकार सिगरेट लेकर आया। कमरे में अल्ताफ, फैजान और ओमकार थे। सिगरेट पी और दोनों के साथ अपने कमरे में बातचीत करता रहा। अल्ताफ ने उसे प्रेमिका की बेटी से बात न करने और पीछा छोड़ने के लिए कहा लेकिन ओमकार ने मना करते हुए कहा कि वो उसको प्यार करता है, बात करना नहीं छोड़ सकता।

### गला घोटा और भाग गए

इस इंकार से गुस्साए अल्ताफ ने फैजान की सहायता से अपने हाथों से गला घोंटकर ओमकार की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने कमरे का ताला बंद किया और मोटरसाइकिल से चले गए। बाइक एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में छिपा दी। मृतक का मोबाइल भी वहीं फेंक दिया। 25 नवंबर को जब फैजान अपनी मोटरसाइकिल लेने के लिए एन एसईजेड मेट्रो स्टेशन के पास आए तो मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य तेज गति से संचालित

**गौतम बुद्ध नगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में कार्य तेज गति से संचालित हो रहा है।

04 नवंबर से 04 दिसंबर 2025 तक चल रहे इस अभियान को जिले में में सभी के योगदान से आगे बढ़ाया जा रहा है, जिससे निर्वाचक नामावलियों के अद्यतन कार्य को पूर्ण पारदर्शिता, शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपादित किया जा सके। सभी मतदान क्षेत्रों में इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जा रहा है।

बीएलओ के लिए कार्य को सुगम व सरल बनाने हेतु सहायता के लिए सुपरवाइजर, सरकारी जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट भी लगाये गये हैं जो फील्ड में उनका सहयोग करें। ज़िले में 06 ज़ोनल व 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं।

इसके साथ-साथ प्राधिकरण के माध्यम से हर बूथ क्षेत्र में प्राधिकरण के कोऑर्डिनेटर लगायें गयें हैं, जो बी0एल0लो को हर हाई राइज व सभी क्षेत्र में घर ढूँढने में सहयोग करेंगे। इसके साथ वॉलंटियर्स, आरडब्ल्यूए, ए ओ ए, बिल्डर्स एसोसिएशन (क्रेड़ाई) तथा बूथ लेवल एजेंटों को विशेष रूप से लगाया गया है ताकि कोई पत्र मतदाता न छूटे ।

आरडब्ल्यूए और ए ओ ए द्वारा हाईराइज भवनों में तैनात बीएलओ को सुगमता से प्रवेश दिलाने, फ्लैटों तक मार्गदर्शन कराने तथा सही पते खोजने में निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में मैपिंग एवं निगरानी कार्य को सुचारु रूप से संचालित कर रहे हैं, जिससे पुनरीक्षण कार्य में गति बनी हुई है।

# नोएडा में सिक्योरिटी गार्ड पर हमला, 9 पर केस दर्ज

**लाठी-डंडों से पीटा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में एक मोबाइल कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड पर रंजिशन हमला किए जाने का मामला सामने आया है। कंपनी में काम करने वाले नौ कर्मचारियों पर गार्ड को रोककर लाठी-डंडों से पीटने का आरोप है। दनकौर पुलिस ने मंगलवार शाम एक नामजद समेत नौ आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पीड़ित की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बागपत निवासी सचिन कुमार, जो ग्रेटर नोएडा स्थित एक मोबाइल कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्यरत हैं, ने पुलिस को बताया कि सोमवार रात वह ड्यूटी से अपनी बाइक पर लौट रहे थे। इसी दौरान कंपनी में काम करने वाले अजय (निवासी रबपुरा) ने अपने आठ साथियों के साथ मिलकर दनकौर क्षेत्र में उनकी बाइक को जबरन रोक लिया।

आरोप है कि सभी ने मिलकर सचिन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावर उन्हें मृत समझकर सड़क किनारे फेंककर फरार हो गए। कुछ समय बाद राहगीरों ने सचिन को घायल अवस्था में देखा और अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित के अनुसार, कुछ दिन पहले कंपनी में आरोपियों से कहासुनी हुई थी।

# ट्रांसपोर्ट हब को प्रमुख सड़कों से जोड़ने की तैयारी तेज

**ग्रेटर नोएडा।** मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब को जोड़ने के लिए 105 मीटर चौड़ी सड़क के विस्तार का काम जल्द शुरू होगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने कार्यदायी संस्था का चयन कर कार्य आदेश जारी कर दिया है। नहर पर नया पुल बनाने की भी तैयारी है। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक ग्रैप की पाबंदियां हटने के बाद सड़क का काम शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के परी चौक अल्फा-1 गोलचक्कर के पास से शुरू होने वाली 105 मीटर चौड़ी सड़क हापुड़ तक प्रस्तावित है,जो अभी जुनपत गांव डिपो मेट्रो स्टेशन के पास तक बनी है। शहर की मुख्य सड़क होने की वजह से इस पर वाहनों का काफी दबाव रहता है।दादरी क्षेत्र के लोग इसी मार्ग से होकर आवाजाही करते हैं।

# ग्रेटर नोएडा में 6 बदमाश गिरफ्तार

**बाइक चोरी कर पार्ट्स निकाल लेते थे, महंगे दाम पर बेचते थे**

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा की बीटा-2 थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले 6 बदमाशों को गिरफ्तार है। उनके पास से फर्जी नंबर प्लेट लगी 16 चोरी की मोटरसाइकिलें तथा अवैध हथियार बरामद किए हैं।

पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी और गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए इन छह आरोपियों को सेक्टर चाई-4 के पास जंगल की झाड़ियों से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान राहुल, रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन के रूप में हुई है।

### पूरा मामला

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि यह गिरोह एक संगठित तरीके से काम करता है। राहुल इसका सरगना है, जबकि रोहित, सुमित, संदेश, सचिन और अर्जुन सक्रिय सदस्य हैं। यह गिरोह एनसीआर क्षेत्र में मुख्य रूप से हीरो स्प्लेंडर जैसी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाता था।

रेकी करने के बाद मोटरसाइकिल चोरी करने के बाद, गिरोह का सदस्य अर्जुन, जो एक मोटरसाइकिल मिस्त्री है, इन वाहनों के महंगे पुर्जे निकालकर बेच देता था। इसके अलावा, वे चोरी की मोटरसाइकिलों को जरूरतमंदों को सस्ते दामों पर बेचकर अवैध कमाई करते थे। पकड़े जाने के डर से आरोपी अपने पास अवैध चाकू भी रखते थे।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने विभिन्न स्थानों से दो दर्जन से अधिक दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें से कुछ मामलों में हीरो स्प्लेंडर प्लस अस्पताल के सामने, अल्फा-2 से चोरी हुई थी, जिसके संबंध में बीटा-2 थाने में मामला दर्ज है।

एक हीरो स्प्लेंडर ग्राम तुगलपुर से और एक टीवीएस (काले रंग की) शारदा अस्पताल के पास से चोरी हुई थी, जिनके संबंध में नॉलेज पार्क थाने में मामले दर्ज हैं। इसके अतिरिक्त, एक काले रंग की हीरो स्प्लेंडर सूरजपुर कस्बे से और एक स्प्लेंडर अम्रपाली सोसायटी, थाना सेक्टर-39 क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिनके संबंध में संबंधित थानों में मामले पंजीकृत हैं। शेष 11 मोटरसाइकिलों के संबंध में पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में बजरंग दल के कार्यकर्ता नजरबंद

**प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहे थे**

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन से पहले मंगलवार सुबह दनकौर पुलिस ने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला गौ रक्षक प्रमुख त्रिलोक गुर्जर को घर पर नजरबंद कर लिया। पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को दोपहर बाद रिहा कर दिया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन पुलिस अधिकारियों को सौंपा।

त्रिलोक गुर्जर ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने डाढ़ा गांव में बनी एक अस्थायी गौशाला को 12 नवंबर को ध्वस्त कर दिया था। इसी कार्रवाई के विरोध में बजरंग दल सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों ने सोमवार को प्राधिकरण कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने की तैयारी की थी। हालांकि, प्रदर्शन से पहले ही पुलिस ने उन्हें घरों में नजरबंद कर लिया।



उन्होंने आरोप लगाया कि प्राधिकरण की इस कार्रवाई से गौ सेवा प्रभावित हो रही है।

राष्ट्रीय बजरंग दल गौ रक्षक इकाई की मुख्य मांग है कि ध्वस्त की गई अस्थायी गौशाला के स्थान पर स्थायी गौ उपचार केंद्र के लिए भूमि आवंटित की जाए। इसके अतिरिक्त, जेसीबी, एम्बुलेंस और अन्य आवश्यक सुविधाएं बढ़ाई जाएं तथा प्राधिकरण कर्मचारियों द्वारा गौ सेवकों से किए जाने वाले अभद्र व्यवहार को रोका जाए।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की होगी।

इस दौरान गौरव नागर, सुभाष नागर, राजबीर, विकास, कुणाल और महेश सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## ग्रेटर नोएडा में संदिग्ध बुखार से 4 की मौत

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे में संदिग्ध बुखार का प्रकोप देखा जा रहा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पिछले लगभग एक महीने में संदिग्ध बुखार की चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो चुकी है। सोमवार को भी इसी तरह के बुखार से एक महिला की जान चली गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कस्बे में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच और परीक्षण करने की अपील की है ताकि बीमारी का पता लगाया जा सके और इसे फैलने से रोका जा सके। जानकारी के अनुसार, कस्बे के मोहल्ला लक्ष्मीबाई नगर निवासी कालू की पत्नी कल्पना (41) को करीब चार दिन पहले बुखार आया था। उन्हें पहले बुलंदशहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जब उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ी, तो डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में रेफर कर दिया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान कल्पना की मौत हो गई। उनके पति कालू ने बताया कि कल्पना को चार दिनों से बुखार था और इलाज के दौरान उनका शुगर लेवल बढ़ गया था, जबकि ब्लड प्रेशर कम हो गया था। इस मामले पर जेवर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर शफे जेया ने बताया कि महिला की मौत संक्रामक परजीवी रोग के कारण हुई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कई बार लंबे समय तक बुखार रहने से यह रोग बढ़ जाता है, जिससे मरीज की जान जा सकती है।

## नोएडा में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

**नोएडा।** नोएडा के फेज-1 थाना पुलिस ने जॉब प्लेसमेंट नाम से लोगों से ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया। इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम विशाल राघव, आमिर उस्मानी और वरुण हैं। ये तीनों मिलकर कॉल सेंटर के मालिकों को बैंक खाता उपलब्ध कराते थे और बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे ठगी करते थे। अब तक इनके द्वारा करीब 200 से अधिक लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से सात मोबाइल फोन, चार डेबिट कार्ड, पासबुक, एक फिनो कांबो बैंक किट और चार कंपनी के जॉइनिंग दस्तावेज बरामद किए हैं। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया-विशाल अपने साथियों आमिर उसमानी और वरूण कुमार के साथ मिलकर बैंक खातों, डेबिट कार्ड, चेक बुक और प्री-एक्टिवेटेड सिम कार्ड खरीदता है। विशाल बैंक खातों की जानकारी फर्जी कॉल सेंटर के मालिक अनुज कुमार और रोमेश को देता था।

# नोएडा में साइबर फ्रॉड के 31.67 करोड़ वापस मिले

**नोएडा।** नोएडा में पिछले 2 सालों में नोएडा पुलिस ने साइबर ठगी के 31 करोड़ 67 लाख 64 हजार रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए, जबकि 52 करोड़ 85 लाख 87 हजार रुपए को फ्रीज कराया गया।

इसके अलावा अक्टूबर 2023 से नवंबर 2025 के बीच कुल 2,073 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं 4,401 मोबाइल नंबर और 453 आईएमईआई नंबर जो फ्रॉड में इस्तेमाल हुए थे, उन्हें ब्लॉक किया गया।

पुलिस उपायुक्त (साइबर) श्रीमती शैल्या गोयल ने बताया कि 'साइबर जागृत भारत' अभियान के तहत कमिश्नरेट साइबर क्राइम पुलिस ने अब तक दो लाख से अधिक छात्रों को विभिन्न विद्यालयों को ऑनलाइन जोड़कर साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया है। अभियान के दौरान छात्रों, कॉलेज और स्कूल स्टाफ को साइबर हाइजीन, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, साइबर बुलिंग, फ़िशिंग, डेटा थेफ्ट, क्रेडिट कार्ड फ्रॉड, सोशल मीडिया अपराध और अन्य जोखिमों से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### 3 लाख नागरिक बने जागरूक

आरडब्ल्यूए सेक्टर्स और एओए सोसाइटी में तीन लाख से अधिक नागरिकों को समूह बनाकर और साइबर सुरक्षा लिंक साझा करते हुए जागरूक किया गया। इसके अलावा विभिन्न व्यावसायिक संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों को भी विशेष अभियान के माध्यम से साइबर अपराधों से बचाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया।

# शार्ट न्यूज

## लिफ्ट में एक घंटे फंसा रहा बच्चा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के आम्रपाली गोल्फ होम्स सोसायटी की लिफ्ट रविवार रात में चौथी मंजिल पर अटक गई। इसमें एक 12 साल का बच्चा फंस गया। उसने डोर खोलने के लिए इमरजेंसी बटन दबाया लेकिन डोर नहीं खुला। वह जोर-जोर से चीखने लगा। हाथ पैर पटकने लगा। कई बार बेल बजाया लेकिन मदद के लिए कोई नहीं आया। एक घंटे बाद पड़ोसी ने आवाज सुनी तो बच्चे के परिजन को जानकारी दी। परिजन लिफ्ट के पास पहुंचे। आरोप है कि वहां पर गार्ड मौजूद नहीं था। वह दूसरी जगह सो रहा था। परिजन ने मेंटेनेंस ऑफिस में जाकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कर्मचारी दौड़कर लिफ्ट के पास पहुंचा। उसने लिफ्ट खोली तब जाकर बच्चा बाहर आ पाया। सोसाइटी के जे-1 में हरप्रीत अपने बेटे तनीव के साथ 19वें फ्लोर के फ्लैट में रहती हैं। तनीव 5 वीं क्लास में पढ़ता है। उन्होंने बताया- परिवार के सदस्य सोसाइटी में बने दूसरे टावर में रहते हैं। रविवार शाम को वह बेटे के साथ परिजन के यहां थीं। रात करीब 9 बजे उन्होंने अपने बेटे को जे-1 टावर स्थित घर भेज दिया था। बच्चा जैसे ही लिफ्ट में घुसा दरवाजा बंद हो गया। लिफ्ट जैसे ही चौथे मंजिल पर पहुंची। तेज आवाज आई और लिफ्ट अटक गई। बेटे ने डोर खोलने के लिए बटन दबाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला।

## काम की गति बढ़ाने के लिए अफसरों की ड्यूटी लगाई

**ग्रेटर नोएडा।** जिले में चल रहे एसआईआर के कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए डीएम ने छह जोनल और 72 सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई है। डीएम मेधा रूपम ने बीएलओ के लिए कार्य को सुगम और सरल बनाने के लिए अफसरों को जिम्मेदारी सौंपी है। जिलाधिकारी ने हर बूथ क्षेत्र में प्राधिकरण के समन्वयक लगाए हैं, जो बीएललो को हाईराइज सोसाइटी और क्षेत्र में घर ढूंढने में सहयोग करेंगे। साथ ही आरडब्ल्यूए और एओए को हाईराइज भवनों में तैनात बीएलओ को सुगमता से प्रवेश दिलाने, फ्लैटों तक मार्गदर्शन कराने और सही पते खोजने में सहयोग करेंगे। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में मैपिंग और निगरानी कार्य करेंगे।इनमें दादरी के बीएलओ अनिल कुमार (शिक्षामित्र, मोमनाथल), रामकिशोर (शिक्षामित्र, गुलावली), यशोदा (शिक्षामित्र, प्राथमिक विद्यालय ततारपुर) और दिनेश कुमार (सहायक अध्यापक, वैरंगपुर उर्फ नई बस्ती), जेवर के बीएलओ तस्लीम खान (प्रा0 वि0 हाजीपुर) और प्रदीप कुमार( बूथ सं-137) और नोएडा की बीएलओ माजिया सुल्ताना शामिल हैं। अधिकारियों ने 80 प्रतिशत तक कार्य करने वाले इन बीएलओ की सराहना की साथ ही इन्हें पुरस्कृत करने की तैयारी कर ली है।

## मतदाता सूची से नाम कटवाने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सौंदर्यम सोसाइटी में बूथ लेबल ऑफिसर (बीएलओ) पर दबाब बनाकर कुछ लोगों के वोट कटवाए जाने और स्थानांतरित दर्शाए जाने का मामला सामने आया है। यह आरोप भाजपा के एक कार्यकर्ता पर है। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई है। शिकायतकर्ता नवीन दुबे एडवोकेट ने बताया कि गौर सौंदर्यम सोसाइटी में बीएलओ पर दबाब बनाकर कुछ लोगों के वोट कटवाए जा रहे हैं और किसी को स्थानांतरित दर्शाया गया है। सोसाइटी में रहने वाले मनोज मिश्रा और उनकी पत्नी को स्थानांतरित दिखा दिया गया है, जबकि वह लगभग 6-7 वर्षों से इसी सोसाइटी में रह रहे हैं।भूतपूर्व सैनिक धर्मवीर सिंह का फॉर्म गायब कर दिया गया। आरोप है कि भाजपा के एक कार्यकर्ता द्वारा यह किया जा रहा है। इसको लेकर सोसाइटी के लोगों में रोष है। लोगों ने जिलाधिकारी व उप जिलाधिकारी से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की है। इस मामले में जिलाधिकारी मेधा रूपम कहना है कि शिकायत की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का काम पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है।

## अब तक 30 फीसदी ही फॉर्म भरे

**नोएडा।** जिले में चल रहे निर्वाचक नामावली विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत नोएडा विधानसभा क्षेत्र में अब तक महज 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फॉर्म भरे गए है। प्रशासन के दावे के मुताबिक, 90 फीसदी से अधिक लोगों फॉर्म भरने के लिए दिए जा चुके हैं। दरअसल, गौतमबुद्ध नगर जिले में नोएडा, दादरी और जेवर विधानसभा में एसआईआर का काम सभी मतदान केंद्रों पर चल रहा है। नोएडा विधानसभा क्षेत्र के 752 मतदाता बूथों के अंतर्गत आने वाले सात लाख 71 हजार 82 मतदाताओं के एसआईआर के तहत फॉर्म भरे जा रहे हैं। इस कार्य में बीएलओ बड़े स्तर पर लगे हुए है।एसआईआर के कार्य की निगरानी के लिए सेक्टर-94 स्थित टैफिक कमांड कंट्रोल सेंटर में जिला प्रशासन द्वारा निगरानी केंद्र बनाया गया है। इस केंद्र से बीएलओ और सुपरवाइजर के कार्यों की निगरानी के साथ समीक्षा भी की जा रही है। केंद्र की कमान संभाल रहे एसडीएम दादरी अनुज नेहरा और तहसीलदार दादरी अजय कुमार ने बताया कि नोएडा विधानसभा में 30 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म भरे जा चुके हैं। इसके अलावा 10 से 15 प्रतिशत ऐसे मतदाताओं की भी पहचान हो चुकी है कि मतदाता पहचान पत्र पर दिए गए पते पर नहीं है।

## गोशाला में कार्यरत दो कर्मियों के साथ मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित गोशाला में कार्यरत दो कर्मियों के साथ मारपीट करने और मुंह में पिस्टल लगाकर धमकी देने का मामला सामने आया है। एक कर्मचारी ने गोशाला संचालन समिति के पदाधिकारी समेत दो लोगों के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। गाजियाबाद की खोड़ा कॉलोनी निवासी नवीन कोठारी ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-62 में स्थापित गोकुल गोधाम गोशाला में देखरेख करता है। उसके साथ दोस्त विकास मिश्रा भी काम करता है। आरोप है कि 24 नवंबर की दोपहर करीब तीन बजे वह गोशाला में कार्य कर रहे थे, तभी वहां संचालन समिति के पदाधिकारी शैलेंद्र शर्मा आए और गाली-गलौज करने लगे।विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। विकास मिश्रा बीच-बचाव करने आए तो आरोपी शैलेंद्र शर्मा और उनके साथ आया एक व्यक्ति उन्हें बीच गोशाला में ले गए। जहां आरोपी ने मुंह में पिस्टल लगाकर जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं आरोपी गोशाला में लगी सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। ताकि उनकी करतूत कोई देख न सके। पीड़ित का कहना है कि आरोपी की पिटाई से दोनों को घायल हुए हैं। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## औद्योगिक पार्कों में बड़ी कंपनियां लाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना सिटी में मेडिकल डिवाइस पार्क के बाद अब चार अन्य बड़े औद्योगिक पार्कों में एंकर यूनिट (बड़ी कंपनियां) लगाने की तैयारी है। प्रत्येक पार्क में बड़ी कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए प्राधिकरण कार्ययोजना तैयार कर रहा है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के अधिकारी ने बताया कि शहर में मेडिकल डिवाइस पार्क, हस्तशिल्प, टॉय, अपैरल और एमएसएमई पार्क विकसित किए जा रहे हैं।प्राधिकरण यहां जमीन अधिग्रहण कर भूखंड आवंटित कर रहा है। इन सभी पार्कों में अब तक 1049 भूखंड आवंटित हो चुके हैं। इनमें से 336 आवंटियों ने भूखंडों पर कब्जा ले लिया है। हाल ही में प्राधिकरण ने मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर की एंकर यूनिट लगाने के लिए बेंगलुरु का दौरा किया था। यहां कंपनियों को क्षेत्र में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया गया। कई कंपनियों ने रुचि दिखाई थी। दिसंबर में वह दौरा करने के लिए यमुना सिटी पहुंचेंगी। अब इसी तरह से अन्य पार्कों में भी बड़ी कंपनियों को आमंत्रित करने के लिए प्राधिकरण कार्य योजना तैयार कर रहा है, ताकि प्रत्येक पार्क में एक एंकर यूनिट स्थापित की जा सके। यह है एंकर यूनिट एंकर यूनिट उस मुख्य इकाई को कहा जाता है, जो किसी औद्योगिक क्षेत्र, व्यापार पार्क, या व्यावसायिक परिसर में मुख्य भूमिका निभाती है और बाकी छोटे व्यवसायों या इकाइयों के लिए आकर्षण का केंद्र होती है। उदाहरण के लिए, एक बड़े शॉपिंग मॉल में अगर कोई प्रमुख सुपरमार्केट या ब्रांड स्टोर है, तो वह एंकर यूनिट कहलाता है।

# जिलाधिकारी ने गौहनिया प्राथमिक विद्यालय में एसआईआर अभियान का निरीक्षण किया

## गणना प्रपत्रों की प्रगति परखी, डिजिटाइजेशन में तेजी लाने के निर्देश

**पीलीभीत।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय गौहनिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण, डिजिटाइजेशन तथा बीएलओ के निस्तारण की प्रगति का विस्तृत जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बीडीओ मरौरी



को कड़े निर्देश दिए कि बीएलओ घर-घर जाकर अधिकतम गणना प्रपत्र एकत्र करें और उन्हें सहायक की मदद से बीएलओ ऐप पर तुरंत डिजिटाइज कराएं, ताकि समय सीमा के भीतर अभियान पूरा किया जा सके ।उन्होंने कहा कि यह राष्टीय महत्व का कार्य है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।निरीक्षण के दौरान बीडीओ मरौरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# संतकबीरनगर में ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की मौत

**संतकबीर नगर।** संतकबीरनगर के एक निजी अस्पताल में बुधवार को ऑपरेशन के दौरान प्रसूता की मौत हो गयी। 20 साल बाद महिला ने बच्ची को जन्म दिया। घटना के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। आरोप है कि 7 महीने से प्रसूता का इलाज करने वाले डॉक्टर ऑपरेशन के दौरान हालत बिगड़ते ही मौके से फरार हो गए। मामला कोतवाली क्षेत्र के पटखौली का है। दरअसल महुली थाना क्षेत्र के झुडिया बाबू निवासी पिंकी (37) पत्नी हरिओम को मंगलवार सुबह प्रसव पीड़ा बढ़ने पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। पिंकी की जेठानी रेनू के अनुसार अस्पताल ने तुरंत ऑपरेशन की तैयारी कर ली। लेकिन ऑपरेशन शुरू होने के कुछ ही देर बाद पिंकी की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजन भड़क गए। अस्पताल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उनका आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही से पिंकी की जान गई। घटना के बाद सभी जिम्मेदार डॉक्टर फरार हो गए।

## शार्ट न्यूज

### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को नगर क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरौरी का औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने शौचालय व्यवस्था, रसोई, भोजन कक्ष, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर की उपलब्धता, छात्राओं की उपस्थिति तथा सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, भोजन व्यवस्था और रहने-सहने की स्थिति के बारे में पूछा। उन्होंने स्टाफ को निर्देश दिए कि छात्राओं को प्रतिदिन योगाभ्यास कराया जाए और उनके लक्ष्य स्पष्ट कराए जाएं, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। निरीक्षण में वार्डन, शिक्षिकाएं व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लखनऊ एयरपोर्ट की कई उड़ानें रद्द

**लखनऊ।** उत्तर भारत में घने कोहरे की वापसी ने हवाई संचालन को भारी प्रभावित कर दिया। सोमवार को लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुबह कई उड़ानें देर और रद्द रहीं। विजिबिलिटी घटने के कारण एयरलाइन कंपनियों ने कई उड़ानों का शेड्यूल बदल दिया, जिससे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों तरह के यात्रियों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा प्रभावित एअर इंडिया की लखनऊ-दिल्ली उड़ान रही, जिसे कंपनी को पूरी तरह रद्द करना पड़ा। इसके अलावा हैदराबाद, पुणे, जयपुर, गोवा, बेंगलुरू और मस्कट के रूटों पर भी उड़ानें समय से नहीं उड़ सकीं। यात्री शशांक दीक्षित ने बताया कि वह लखनऊ से बेंगलुरू की कनेक्टिंग फ्लाइट से यात्रा करने वाले थे। उनकी एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट एआई-9758 शाम 7: 30 बजे उड़ान भरने वाली थी, लेकिन कोहरे के कारण उसे कैंसिल कर दिया गया। शशांक जैसे सैकड़ों यात्रियों को अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट और अगली यात्रा पर असर झेलना पड़ा।

### सुल्तानपुर में अपहरण-रेप दोषी को सजा

सुलतानपुर। सुल्तानपुर पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणाम स्वरूप पॉक्सो एक्ट के एक आरोपी को सजा सुनाई गई है। मोहित पुत्र शोभनाथ को 10 वर्ष के कठोर कारावास और 15,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वह लोहिया, थाना लंभुआ का रहने वाला है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत की गई। सुल्तानपुर के एएसजे-12 न्यायालय ने 25 नवंबर को यह फैसला सुनाया। मोहित पर पर अपहरण, रेप व पॉक्सो एक्ट के आरोप थे। न्यायालय ने उसे दोषी ठहराया। यह मामला 25 सितंबर 2018 को शाम 4 बजे थाना कोतवाली लम्भुआ में दर्ज किया गया था। वादी मुकदमा की तहरीर के अनुसार, अभियुक्त मोहित ने उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा लिया था और उसके साथ गलत काम किया था। उपनिरीक्षक सच्चिदानंद पाठक ने मामले की विवेचना की। विवेचना के दौरान साक्ष्य जुटाए गए, जिसके आधार पर अभियुक्त के खिलाफ आरोप पत्र संख्या ए-01 दिनांक 30 अक्टूबर 2018 को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

### शाहजहांपुर में ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में एक सड़क हादसे में सात साल की बच्ची की मौत हो गई। बच्ची अपने पिता के साथ हरदोई से भूसा लेकर लौट रही थी, तभी ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर होने पर वह ट्राली में बैठी थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने ट्राली को टक्कर मार दी, जिससे गंभीर रूप से घायल बच्ची ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। यह घटना आरसी मिशन थाना क्षेत्र के अहमदपुर रेती की है। मृतका की पहचान शिवांगी के रूप में हुई है। उसके पिता विजयपाल रविवार को हरदोई से भूसा लेकर अपने घर लौट रहे थे। बांडीगांव के पास ट्रैक्टर का पहिया पंक्चर हो गया, जिसके बाद विजयपाल ने ट्राली को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। उन्होंने अपनी बेटी शिवांगी को ट्राली में भरे भूसे पर बैठा रहने दिया, जबकि वह और उनका भतीजा पंक्चर ठीक कराने लगे। इसी बीच, एक तेज रफ्तार ट्रक ने खड़ी ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्राली पलट गई और शिवांगी उसके नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

### तेंदुआ ने 5 लोगों पर किया हमला

**महराजगंज।** महराजगंज में मंगलवार दोपहर तेंदुए के अचानक हमले से दहशत फैल गई। तेंदुए ने जंगल के किनारे बकरी को निवाला बनाया। इसके बाद बकरी चरा रहे 5 युवकों पर हमला कर दिया। जिनमें चार की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को सीएचसी लक्ष्मीपुर ले जाया गया। जहां से गंभीर लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रिसलपुर भोथहा का है। दरअसल मंगलवार दोपहर में रिसलपुर भोथहा गांव निवासी राहुल साहनी (19) जंगल किनारे बकरी चरा रहा था। इसी बीच झाड़ी से अचानक निकले तेंदुए ने पहले एक बकरी को निशाना बनाया और फिर राहुल पर हमला कर दिया। इस दौरान राहुल के चिल्लाने पर गांव के विकास (30), राजकुमार (40), राजेश चौधरी, सलमान खान (19) बचाने पहुंचे। लेकिन तेंदुआ और ज्यादा आक्रामक हो गया। इन चारों पर भी टूट पड़ा। ग्रामीणों ने शोर मचाकर किसी तरह तेंदुए को भगाया और सभी घायलों को सीएचसी लक्ष्मीपुर पहुंचाया।

### इटावा में शटरिंग टूटने से मजदूर की मौत

**इटावा।** इटावा जिले बसरेहर थाना क्षेत्र के गांव खुड़ीसर गांव में सोमवार देर शाम एक निर्माणाधीन मकान का लेंटर डालते समय शटरिंग टूटने से एक बड़ा हादसा हो गया। जिसमें एक मजदूर की मौत हो गई जबकि कुछ अन्य मजदूर हल्के फुल्के घायल हो गया। हादसे के बाद ठेकेदार और साथी मजदूर अस्पताल ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद ठेकेदार मौके से भाग खड़े हुए। गांव के देसराज के घर पर पहली मंजिल का लेंटर डाला जा रहा था। इसी दौरान मजदूरी कर रहे जयपाल (50) पुत्र महावीर सिंह, निवासी बुलकीपुर की पहली मंजिल से नीचे गिर गया। ऐसा बताया जा रहा है कि शटरिंग को लापरवाही से लगाई गई थी। जिस कारण वह टूट गई और जयपाल की गिरकर मौत हो गई। घटना सोमवार शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। गंभीर रूप से घायल जयपाल को एम्बुलेंस से तुरन्त सैफई मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान देर शाम डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### लाखों की ठगी करने वाला अंतर्जनपदीय ठग गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली क्षेत्र से एक अंतर्जनपदीय ठग विमल पांडे को गिरफ्तार किया गया है। उस पर समीक्षा अधिकारी की नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये की ठगी करने का आरोप है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विमल पांडे के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और मारपीट जैसी गंभीर धाराओं में तीन मुकदमे दर्ज हैं। उस पर आरोप है कि उसने करीब आधा दर्जन लोगों से समीक्षा अधिकारी की नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये ठगे हैं। बदायूं जनपद के पीड़ित अनुराग गौतम ने बताया कि विमल ने उससे समीक्षा अधिकारी की नौकरी दिलाने के लिए 12 लाख रुपये ठगे। अनुराग ने 5 लाख रुपये ऑनलाइन और 7 लाख रुपये नकद आरोपी को दिए थे। आरोपी विमल ने उसे एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया था। जब अनुराग गौतम को सच्चाई का पता चला, तो उसने प्रतापगढ़ के नगर कोतवाली में धोखाधड़ी, जालसाजी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 साल की कठोर कारावास की सजा, 58 हजार रुपये जुर्माना

**ललितपुर।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था । इसी क्रम में अभियुक्त अनिल राठौर पुत्र सुखवीर राठौर नि0 मुहल्ला रामनगर थाना कोतवाली ललितपुर के विरूद्ध कोतवाली ललितपुर पर मु0अ0सं0 313/2024 धारा 376एबी/354/506 भादवि व 5/6 व 9/10 पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था । पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें कोतवाली ललितपुर पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए दिनांक 25.11.2025 को मा0 न्यायालय ADJ पाक्सो कोर्ट जनपद ललितपुर द्वारा अभियुक्त अनिल राठौर उपरोक्त को दोषी पाते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास व 58,000/- रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

## कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल पकड़िया मोड़ पर हुआ हादसा, जिला अस्पताल रेफर

**बीसलपुर।** बीसलपुर -पीलीभीत मार्ग पर मंगलवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सोनू पुत्र नेमचंद को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा पकड़िया मोड़ पर हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि सोनू सड़क पर दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने उसे नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया ।कार चालक की तलाश में पुलिस जांच कर रही है।

# तालाब में डूबने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**बीसलपुर।** ग्राम उगनपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 17 वर्षीय सक्षम की तालाब में डूबकर मौत हो गई ।किशोर विद्यालय अवकाश होने पर घर से घूमने निकला था। दोपहर बाद वह गांव के तालाब में सिंघाड़े निकालने उतर गया, जहां गहराई अधिक होने से वह डूब गया ।कुछ देर बाद ग्रामीणों ने तालाब किनारे उसकी चप्पलें देखीं तो अनहोनी का अंदेशा हुआ।

ग्रामीणों ने तालाब में तलाश शुरू की और लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद उसे अचेत अवस्था में बाहर निकाला। किशोर को तुरंत बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया



गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एकलौते पुत्र की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। बहनें रो-रोकर कह रही थीं—अब हम किसको राखी बांधेंगे पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है।

# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में जिलाधिकारी ने किया निशुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ

**ललितपुर।** आयुक्त झांसी मंडल झांसी द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन के क्रम में प्रधानाचार्य डॉक्टर मयंक कुमार शुक्ला के नेतृत्व एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर डॉक्टर इम्तियाज अहमद के सहयोग से चिकित्सा महाविद्यालय ललितपुर में दो दिवसीय नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ जिला अधिकारी ललितपुर द्वारा फीता काटकर किया गया एवं शिविर में आए मरीजों से चिकित्सा महाविद्यालय में दी जाने वाली सेवाएं एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बारे में जानकारी ली गई और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गजेंद्र सिंह व नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूपाली वर्मा को निर्देश दिए गए की शिविर में आने वाले समस्त मरीज का गुणवत्ता पूर्वक उपचार / ऑपरेशन किया जाए साथ



ही जानकारी ली गई कि अभी तक कितने मरीज पंजीकृत हो गए हैं जिस पर जिस पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर गजेंद्र सिंह एवं डॉ रुपाली वर्मा द्वारा बताया गया कि टोटल 80 मैरिज अभी तक पंजीकृत हो गए जिसमें से प्रतिदिन 30 मरीज का ऑपरेशन किया जाएगा और जब तक पंजीकृत संपूर्ण मरीज के ऑपरेशन नहीं हो जाते तब तक ऑपरेशन चलते रहेंगे और इसके लिए चिकित्सा महाविद्यालय में दो नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर रूपाली वर्मा डॉ अरविंद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा ऑपरेशन किया जाएगा मरीज के उपचार के साथ-साथ उनके खान-पान इत्यादि समस्त व्यवस्थाएं की गई है।

## जालौन में 3 मामलों में 5 दोषियों को सजा

**जालौन।** जालौन में मंगलवार को तीन अलग-अलग मामलों में ने कुल 5 दोषियों को सश्रम कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। ये मामले अपहरण, नाबालिग से छेड़छाड़ और दहेज उत्पीड़न से जुड़े थे। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिल्लौड निवासी अवधेश उर्फ अवध चौबे पर 19 जुलाई 2023 को संतराम राठौर के अपहरण का आरोप था ।घटना के बाद आईपीसी धारा 364 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने 7 सितंबर 2023 को आरोप पत्र दाखिल किया। उरई की एडीजे प्रथम कोर्ट के जज सतीश द्विवेदी ने अभियुक्त अवध चौबे को चार वर्ष सश्रम कारावास और 5,000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई।

# गलती से दूसरे खाते में गई धनराशि कराई वापस

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने गलती से दूसरे के बैंक खाते में गई 50000 रुपये की धनराशि पीड़ित को वापस करा दी है।

पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा आवेदक संतोष साहू पुत्र हरिशंकर साहू निवासी तालाब पुरा थाना कोतवाली ललितपुर जनपद ललितपुर ने गलती से ? 50,000/- रुपये की धनराशि दूसरे व्यक्ति के खाते में भेज दिए थे, जिसके सम्बन्ध में NCRP पोर्टल के माध्यम से कोतवाली ललितपुर पर शिकायत प्राप्त हुई थी ।

कोतवाली की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़ित द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक व खाता धारक से सम्पर्क कर पीड़ित के सम्पूर्ण धनराशि को नियमानुसार वापस कराया गया ।

पीड़ित का सम्पूर्ण धनराशि उसके खाते में वापस होने पर, पीड़ित द्वारा पुलिस अधीक्षक, व कोतवाली ललितपुर पुलिस टीम का किया धन्यवाद । बरामद करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी आरक्षी लोकेन्द्र सिंह कोतवाली पेमेंट करते समय बरती जाने वाली सावधानियां। खाता नंबर और IFSC कोड ध्यान से जांचें; पेमेंट करने से पहले रिसीवर का खाता नंबर, IFSC कोड, और नाम दोबारा जांचें। QR कोड स्कैन करते समय सावधानी रखें; केवल भरोसेमंद और प्रमाणित दुकानदार या व्यक्ति का त्त्क्रकोड स्कैन करें ।

## महिला ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**औरैया।** औरैया के कोतवाली क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत बीघेपुर के मजरा जगतपुर गांव में मंगलवार को हड़कंप मच गया। यहां 28 वर्षीय अलका देवी पत्नी मानसिंह दोहरे का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अलका देवी की शादी 6 मार्च 2018 को जगतपुर गांव निवासी मानसिंह दोहरे के साथ हुई थी। उनका मायका सींग का पुरवा, थाना सहायल में है। मृतका के दो छोटे पुत्र ललित (5 वर्ष) और विशाल (2 वर्ष) हैं। वह अपने पति और बच्चों के साथ एक अलग मकान में रहती थी। ग्रामीणों के अनुसार, घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतका के पति मानसिंह दोहरे अपने भाइयों में सबसे छोटे हैं। पत्नी की मौत के बाद से लापता बताए जा रहे हैं। इससे मामले में संदेह और गहरा गया है। मानसिंह के दो बड़े भाई अहिवरन और मुलायम अपने-अपने परिवारों के साथ अलग रहते हैं। पुलिस प्रारंभिक जांच में हत्या और आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है। मृतका के परिजन भी मौके पर मौजूद हैं। पुलिस का कहना है कि पति के लापता होने और पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई : एक दिन में 141 वाहनों के चालान

## सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से बिना लाइसेंस खतरनाक ड्राइविंग के विरुद्ध चलाया चैकिंग अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देश के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में ,यातायात प्रभारी, ललितपुर आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य रेलवे स्टेशन ललितपुर पर जन जागरूकता अभियान के तहत बधिर वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई पहल की गई है। इस पहल के तहत, बधिर चालक/कान के प्रतीक चिन्ह योजना का प्रचार-प्रसार किया गया। इसका उद्देश्य बधिर




चालकों की पहचान सुनिश्चित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम से कम करना है। बधिर चालकों के वाहनों पर यह विशेष प्रतीक चिन्ह लगाने से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। यह चिन्ह अन्य वाहन चालकों को सूचित करेगा कि वाहन का चालक बधिर है। इससे वे अधिक सावधानी बरतेंगे और हॉर्न के बजाय दृश्य संकेतों का उपयोग करेंगे। जिससे स्वयं के साथ साथ बधिर चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर भर में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया व नियम विरुद्ध वाहन का संचालन करने वालों के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 141 वाहनों का चालान किया गया।

# गोरखपुर में मां-बेटी की धारदार हथियार से हत्या

## बदमाशों ने घर में घुसकर हमला किया, प्रॉपर्टी को लेकर था विवाद


**गोरखपुर।** गोरखपुर में बदमाशों ने घर में घुसकर धारदार हथियार से मां-बेटी की हत्या कर दी। सोमवार की देर शाम करीब साढ़े 9 बजे दोनों के शव घर में अलग-अलग कमरों में मिले। दोनों के शरीर पर चोट के निशान थे।

सूचना मिलते ही शाहपुर थाना पुलिस, डीआईजी और एसएसपी घटना स्थल पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने घर का मुआयना किया। डॉग स्क्वायड ने सबूत खंगाले।

शुरुआती जांच के मुताबिक, प्रॉपर्टी विवाद को लेकर विवाद था। सरेशाम हुए इस डबल मर्डर से लोगों में दहशत है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### अब पढ़िए पूरा मामला

घटना थाना शाहपुर के गीता वाटिका कॉलोनी के पास घोसी पुरवा




की है। यहां विमला (60) अपनी मां शांति देवी (90) के साथ रहती थी। मकान में 2 से 3 किरायेदार भी रहते हैं। विमला रामा फर्नीचर की दुकान पर पिछले 8 साल से काम करती थीं।

शांति देवी के पति की 30 साल पहले मौत हो चुकी थी। मूल रूप से पीपीगंज की रहने वाली शांति देवी रेलवे कारखाने के सामने चाय की दुकान चलाती थीं।

शांति देवी की बड़ी बेटी सुशीला शादी के बाद लखनऊ में रहती हैं, जबकि विमला ने शादी नहीं की थी।

### दुकान मालिक ने कई बार किया फोन

रविवार की शाम को विमला फर्नीचर की दुकान से घर लौटीं। लेकिन, सोमवार सुबह से उनका कुछ पता नहीं चला।

दुकान मालिक रामानंद ने सुबह 10 बजे कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला।

रात 8 बजे दुकान बंद करके वह खुद मकान पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज न आने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई तो मां-बेटी के शव मिले। जांच में पता चला कि रात में घर में भोजन मंगवाया गया था। दूध गैस चूल्हे पर गर्म किया गया था।

### शरीर पर चोटों के निशान

पुलिस के अनुसार, विमला के सिर पर गंभीर चोट है, जिससे लगता है कि उन पर हथौड़े जैसी किसी भारी चीट से हमला किया गया। शांति के शरीर पर भी कई चोटों के निशान मिले हैं। पुलिस ने डॉग स्क्वॉड को बुलाया।

डीआईजी और एसएसपी भी घटनास्थल पर पहुंचे। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस आसपास के पड़ोसियों और गवाहों के बयान इकट्ठा कर रही है। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से हत्या की गहन जांच जारी है।

पड़ोसी विशाल गुप्ता ने बताया- हमारे घर के पीछे लोग रहते थे। शाम रात करीब 9-30 बजे पता चला कि मां बेटी कल से ही घर से नहीं निकली थी। इसके बाद हत्या की बात पता चली।

# शाहजहांपुर में युवती की धारदार हथियार से हत्या

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर में 22 साल की युवती का शव उसके घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में मिला। धारदार हथियार से गले पर करीब 8 बार कर उसकी हत्या की गई है। मंगलवार सुबह खेत से लौटते वक्त पिता को बेटी का शव खून से लथपथ पड़ा दिखाई दिया। पिता ने पहले बेटी के दुपट्टे से शव को ढका और फिर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने खेत से एक बांका भी बरामद किया है। शुरुआती जांच में पुलिस को युवती के भाई पर हत्या का शक है। वहीं परिजन इसे सुसाइड मान रहे हैं। परिजनों के मोबाइल में एक रिकॉर्डिंग मिली है, जिसके आधार पर पुलिस करीबी लोगों से पूछताछ कर रही है। घटना सेहरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के ईटरौरा गौटिया गांव की है। मंगलवार सुबह करीब 11 बजे मदनपाल की 22 वर्षीय बेटी का शव घर से करीब 100 मीटर दूर खेत में मिला। पिता ने शव देखने के बाद दुपट्टे से ढका और आसपास के लोगों को जानकारी दी। थोड़ी ही देर में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना पर फोरेंसिक टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में सामने आया कि युवती की गर्दन पर आठ बार धारदार हथियार से वार किया गया था, जिससे गर्दन लगभग कटकर लटक गई थी। पुलिस ने मौके से बांका बरामद कर साक्ष्य इकट्ठा किए और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस के मुताबिक युवती का किसी बाहरी युवक से प्रेम प्रसंग होने की बात सामने आई है। इस संबंध में एक रिकॉर्डिंग परिजनों के मोबाइल में थी, जिसे परिजन के एक भाई ने सुन लिया था। इसी आधार पर पुलिस को शक है कि वारदात भाई ने ही की है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 26 नवंबर 2025
Www.vishalindia.in

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजीरियाः पोप ने की अपहरणकर्ताओं के कैद में 253 छात्र और 12 शिक्षक की रिहाई की अपील

**अबुजा, एजेंसी।** नाइजीरिया के एक कैथोलिक स्कूल से किडनैप हुए 303 स्कूली बच्चों में से 50 कैद से भाग निकले हैं। स्कूल अथॉरिटी ने रविवार को कहा अब अपने परिवारों के पास हैं। जबकि पोप ने अभी भी लापता बच्चों को तुरंत छोड़ने की अपील की है। क्रिश्चियन एसोसिएशन ऑफ नाइजीरिया के चेयरमैन और स्कूल के संचालक मोस्ट रेव. बुलुस दौवा योहाना ने बताया कि अब भी 253 छात्र और 12 शिक्षक अपहरणकर्ताओं के कब्जे में हैं। उन्होंने कहा कि यह जानकारी माता-पिता से संपर्क और मुलाकात के बाद पक्की हुई।

### ऑस्ट्रेलिया में चक्रवात फिना ने मचाई तबाही, 19 हजार प्रभावित

**डार्विन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र में शनिवार देर रात आए चक्रवात फिना ने राजधानी डार्विन और आसपास के इलाकों में भारी तबाही मचाई। 205 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने हजारों घरों को नुकसान पहुंचाया और सड़कें पानी से डूब गईं। रविवार को पूरा दिन इलाके की बिजली गुल रही। मुख्यमंत्री लिया फिनोचियारो ने कहा कि फिना के कारण संपत्तियों को भारी नुकसान हुआ है और लगभग 19 हजार लोग अंधेरे में रह रहे हैं। हालांकि, गनीमत यह रही इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ।

### फिलिपींस में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में भ्रष्टाचार, 7 गिरफ्तार

**मनीला, एजेंसी।** फिलिपींस में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि इस घोटाले में सात लोगों को हिरासत में लिया गया है और कई अन्य की तलाश जारी है। इस मामले में शक्तिशाली सांसद और सरकारी अधिकारियों के नाम भी शामिल हैं। भ्रष्टाचार के कारण गरीब इलाकों में बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएँ अधूरी या निम्न गुणवत्ता की बन रही थीं। इस घोटाले में जाल्डी को, पूर्व सांसद, और कुछ सरकारी इंजीनियर भी आरोपी हैं। पहले मामले में ओरिएंटल मिनडोरो प्रांत की नदी की ढाई करोड़ पेसो की डाइक परियोजना में अनियमितताएं मिलीं। मार्कोस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में से एक को क्यूज़ोन सिटी में एक घर से गिरफ्तार किया गया, जबकि छह अन्य स्वयं पुलिस के सामने आए। राष्ट्रपति ने बाकि संदिग्धों से आग्रह किया है कि वे भी जल्द आत्मसमर्पण करें। उन्होंने कहा कि हम रुकेंगे नहीं, जांच जारी रहेगी।

### काठमांडू में नेपाल प्रीमियर लीग मैचों पर सट्टेबाजी करते 8 भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल पुलिस ने रविवार को नेपाल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट पर सट्टा लगाने के आरोप में 8 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी त्रिभुवन यूनिवर्सिटी स्टेडियम में खेले जा रहे मैचों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे थे। पकड़े गए सभी युवक आंध्र प्रदेश के रहने वाले हैं, जिनकी उम्र 19 से 35 साल के बीच है। वे काठमांडू के समाखुसी इलाके में किराए के मकान में रह रहे थे। काठमांडू वैली क्राइम इन्वेस्टिगेशन ऑफिस के प्रवक्ता, पुलिस अधीक्षक काजी कुमार आचार्य ने बताया कि यह समूह टूर्नामेंट पर करीब 5 लाख नेपाली रुपए (लगभग 3 लाख भारतीय रुपए) का अवैध सट्टा लगा रहा था। सूचना मिलने के बाद एक विशेष पुलिस टीम ने उन्हें स्टेडियम के पास बल्कू इलाके से रंगे हाथों गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 15 मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं।

### बहुत शानदार होगा राष्ट्रपति पुतिन का भारत दौराः उशाकोव

**मास्को, एजेंसी।** रूसी राष्ट्रपति कार्यालय व आवास क्रेमलिन के विदेश नीति सलाहकार यूरी उशाकोव ने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आगामी भारत दौरा बहुत शानदार और कामयाब होगा। रूसी सरकारी टीवी वीजीटीआरके के साथ बातचीत में उशाकोव ने कहा, रूसी और भारतीय पक्ष दौरे की पूरी तैयारी कर रहे हैं। यह एक बहुत शानदार दौरा होगा।

### नेपाल में आम चुनाव के लिए अब तक 56 दलों का पंजीकरण

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 5 मार्च 2026 को होने वाले आम चुनाव के लिए अब तक 56 राजनीतिक दल अपने नाम दर्ज करा चुके हैं। रविवार को नेपाली कांग्रेस समेत 12 और दलों ने पंजीकरण कराया। पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 नवंबर है। नेपाल के निर्वाचन आयोग के मुताबिक, नए चुनाव की घोषणा के बाद उभरी कई नई पार्टियों सहित आयोग में कुल 132 दल पंजीकृत हैं, लेकिन इनमें से केवल 56 ने आम चुनाव में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक पंजीकरण कराया है।

# वेनेजुएला में सुरक्षा हालात बिगड़े, एफएए की चेतावनी के बाद कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द

**काराकास, एजेंसी।** अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रंप प्रशासन वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो पर दबाव बढ़ा रहा है। शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सैन्य विकल्पों को खुला रखते हुए बी-52 परमाणु-सक्षम बॉम्बर का 'अटैक डेमो' करवाया। इससे पहले यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड विमानवाहक पोत सहित कई युद्धपोत कैरेबियन क्षेत्र में तैनात कर चुका है। इस बीच अमेरिकी विमानन नियामक फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने वेनेजुएला के हवाई क्षेत्र को लेकर अलर्ट जारी किया। वहीं अब रविवार (23 नवबंर) को कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने वेनेजुएला की उड़ानें रद्द कर दी है।

### छह प्रमुख विदेशी एयरलाइनों ने उड़ान सेवा रोकी

संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से दक्षिण अमेरिकी देश के आसपास बढ़ी हुई सैन्य गतिविधि के कारण 'संभावित खतरनाक स्थिति' के बारे में प्रमुख एयरलाइनों को चेतावनी दिए जाने के बाद छह अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने वेनेजुएला के लिए उड़ानें निलंबित कर दी हैं। वेनेजुएला एयरलाइंस एसोसिएशन की अध्यक्ष मारिसेला डी लोआइजा के हवाले से बताया



गया है कि स्पेन की इबेरिया, पुर्तगाल की टीएपी, चिली की लैटम, कोलंबिया की एवियनका, ब्राजील की जीओएल और त्रिनिदाद एवं टोबैगो की कैरिबियन एयरलाइंस ने वेनेजुएला के लिए उड़ानें रोक दी हैं।

### अमेरिकी चेतावनी और सैन्य तैनाती

मारिसेला दे लोआइजा के मुताबिक इन छह प्रमुख विदेशी एयरलाइनों ने अपनी सेवाएं अनिश्चितकाल के लिए रोक दी हैं। वहीं तुर्किश एयरलाइंस ने 24 से 28 नवंबर तक उड़ानें निलंबित करने की घोषणा की है। उड़ानों पर रोक ऐसे समय लगाई गई है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव बढ़ गया है। वाशिंगटन ने अपने मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत कैरिबियन में सैनिकों के साथ-साथ दुनिया के सबसे बड़े विमानवाहक पोत को भी तैनात कर दिया है। हालांकि, कराकस इस अभियान को वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को सत्ता से बेदखल करने की कोशिश बता रहा है।

अमेरिकी सेना ने कैरिबियन और प्रशांत क्षेत्र में कथित ड्रग नौकाओं पर कम से कम 21 हमले किए हैं, जिनमें कम से कम 83 लोग मारे गए हैं। इस बीच कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने 'एक्स' पर पोस्ट के जरिए चिंता जताते हुए कहा कि सभी लैटिन अमेरिकी देशों के बीच नियमित उड़ानें जारी रहनी चाहिए। उन्होंने लिखा, 'देशों पर रोक लगाना, वास्तव में लोगों पर रोक लगाने जैसा है, और यह मानवता के खिलाफ अपराध है।'

### एफएए की कड़ी चेतावनी

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) की ओर से चेतावनी में कहा था कि वेनेजुएला में 'अनिर्दिष्ट खतरे' मौजूद हैं, जो देश के ऊपर उड़ रहे विमानों, लैंडिंग और टेकऑफ कर रहे विमानों व जमीन पर खड़े विमानों तक के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं।



### पाकिस्तान के पेशावर में अर्धसैनिक बल के मुख्यालय पर धमाके, आत्मघाती हमले में तीन जवानों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को संघीय पुलिस दल (कॉन्स्टेबुलरी) के मुख्यालय पर हमला हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुख्यालय के पास कई धमाकों की आवाज सुनी गई, जिसके बाद इलाके को खाली करा लिया गया है।

पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक, इस हमले में शामिल आत्मघाती हमलावरों को मार गिराया गया है। इस घटना में पुलिस दल के तीन जवानों की मौत हुई है। इसके अलावा दो घायल हुए हैं। पाकिस्तान की द डॉन वेबसाइट के मुताबिक, हमला सुबह करीब 8 बजे सद्दार-कोहत सड़क पर हुआ। पहले एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को मुख्यालय के गेट पर ही उड़ा लिया। इसके बाद कुछ फायरिंग की आवाजें भी सुनी गईं।

इस दौरान एक और हमलावर मुख्यालय में घुसने की कोशिश करने लगा। हालांकि, उसे सुरक्षाबलों ने मार गिराया। इसके बाद सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया और राहत-बचाव अभियान शुरू किया। इस बीच पेशावर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल लेडी रीडिंग हॉस्पिटल में आपातकाल घोषित कर दिया गया। अस्पताल के प्रवक्ता ने कहा कि छह घायलों को को लाया गया है, जिनकी हालत स्थिर है। बताया गया है कि जिस संघीय पुलिस दल पर हमला हुआ है, उसे नागरिक अर्धसैनिक बल है, जिसे पहले फ्रंटियर कॉन्स्टेबुलरी कहा जाता था। इसी साल जुलाई में शहबाज शरीफ की सरकार ने इसका नाम फेडरल कॉन्स्टेबुलरी रखा था। पेशावर में जिस जगह पर इसका मुख्यालय है, वह जगह काफी भीड़भाड़ वाले इलाके में है। साथ ही सैन्य छावनी भी यहां से काफी नजदीक है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में बीते कुछ वर्षों में आतंकी हमलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। खासकर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में। इन हमलों में बढ़ोतरी की मुख्य वजह आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ पाकिस्तान सरकार का शांति समझौता टूटना रहा है।



### पाकिस्तान में पैरामिलिट्री फोर्स के हेडक्वार्टर पर बंदूकधारियों ने किया हमला, 3 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पेशावर में सोमवार को बंदूकधारियों ने पैरामिलिट्री फोर्स के हेडक्वार्टर पर हमला कर दिया। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि कैंपस पर 2 आत्मघाती हमलावरों ने भी विस्फोट किया, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'पहले आत्मघाती हमलावर ने मेन गेट पर विस्फोट किया, जबकि दूसरा हमलावर परिसर के अंदर घुस गया।' सीनियर अधिकारी ने कहा, 'सेना और पुलिस की टीमों ने पूरे इलाके को घेर लिया है। फिलहाल स्थिति को सावधानी से संभाला जा रहा है क्योंकि हमें संदेह है कि मुख्यालय के अंदर अभी भी कुछ आतंकवादी मौजूद हैं। उनकी तलाशी की जा रही है।' इससे पहले, गुरुवार रात पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में उग्रवादियों ने पीस कमेटी के कार्यालय पर हमला किया। 2 सदस्यों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि बंदूकधारियों ने बन्नू जिले के दारा दरिज इलाके में कमेटी के कार्यालय पर हमला किया और पीस कमेटी के प्रमुख कारी जलील के दफ्तर को निशाना बनाया।

### पाकिस्तान में दर्दनाक सड़क हादसे : स्वाबी और कराची में छह लोगों की मौत, कई घायल

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में रविवार को अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारी बयान के हवाले से मिली है। स्वाबी (खैबर पख्तूनख्वा) में एक बड़ा हादसा तब हुआ जब पेशावर से इस्लामाबाद जा रही एक यात्री वैन अनियंत्रित होकर नदी के पास गहरी खाई में गिर गई।

### वियतनाम में भारी बारिश से 90 की मौत, हजारों घर डूबे

**हनोई, एजेंसी।** द्व वियतनाम के पहाड़ी इलाकों में इस महीने की शुरुआत से हो रही भारी बारिश और बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हजारों घर पानी में डूब गए हैं और अब तक 90 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें डाक लाक प्रांत में सर्वाधिक 63 की मौतें हुई हैं, जबकि खान होआ में 14 और लाम डोंग में पांच मौतें दर्ज की गईं। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक, भूस्खलन के कारण 12 से ज्यादा लोग लापता हैं। सड़कें बाधित होने से कई इलाकों का संपर्क टूट गया है।

# 44 दिनों में 500 बार टूटा गाजा युद्धविराम! इस्राइल की कार्रवाई में 300 से अधिक फलस्तीनी मारे गए

**तेल अवीव, एजेंसी।** अमेरिका की मध्यस्थता में लागू किए गए गाजा युद्धविराम को इस्राइल ने पिछले 44 दिनों में लगभग 500 बार तोड़ा है, जिसमें सैकड़ों फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो चुकी है। यह दावा गाजा सरकार के मीडिया ऑफिस ने किया है, जिसकी रिपोर्ट अल जजीरा ने प्रकाशित की। जारी बयान के मुताबिक, 342 फलस्तीनी नागरिक युद्धविराम उल्लंघनों में मारे गए, जिनमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित रहे। सिर्फ शनिवार को ही इस्राइल की ओर से 27 उल्लंघन दर्ज किए गए, जिनमें 24 लोगों की मौत और 87 से ज्यादा लोग घायल हुए।




**युद्धविराम समझौते का खुला उल्लंघन :** गाजा मीडिया ऑफिस ने इस्राइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और युद्धविराम समझौते का खुला उल्लंघन है। बयान में कहा गया कि इन हमलों और नाकेबंदी के चलते इस्राइल मानविक और सुरक्षा स्थिति के लिए पूरी तरह जिम्मेदार है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि इस्राइल अब भी गाजा में मानवीय सहायता और मेडिकल सप्लाई के प्रवेश पर कड़ी पाबंदी लगाए हुए है, जबकि युद्धविराम समझौते में इसकी अनुमति दी गई थी।

**हालिया हमले में 24 फलस्तीनी मारे गए :** शनिवार को इस्राइल ने गाजा के कई इलाकों पर हवाई हमले किए, जिनमें बच्चों सहित 24 फलस्तीनी मारे गए। इस्राइल ने दावा किया कि यह हमला उस समय किया गया जब एक हमास लड़ाके ने तथाकथित येलो लाइन के भीतर इस्राइली सैनिकों को निशाना बनाया। इस्राइल ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में 5 वरिष्ठ हमास लड़ाकों को मार गिराया। हालांकि, हमास ने इस्राइल के इस दावे को चुनौती देते हुए सबूत पेश करने की मांग की है। हमास नेता इज़्जत अल-रिशेक ने कहा कि अमेरिका और समझौते के मध्यस्थ इस्राइल पर दबाव डालें, ताकि वह युद्धविराम समझौते का पालन करे। उधर, स्थानीय प्रशासन का कहना है कि गाजा के उत्तरी हिस्से में कई फिलिस्तीनी परिवार फंसे हुए हैं, क्योंकि इस्राइली सेना समझौते के विपरीत अपनी तैनाती और अंदर बढ़ाती जा रही है।

# सरकारी खर्चों को घटाने के लिए ट्रंप का बनाया डीओजीई विभाग 10 महीने बाद बंद

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** सरकारी खर्च को कम करने के उद्देश्य से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बनाया गया सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) अब बंद हो गया है। यह विभाग उसके कार्यकाल के आठ महीने शेष रहते ही भंग कर दिया गया है, जबकि इसका उद्देश्य जुलाई 2026 तक चलना था। डीओजीई ट्रंप की सरकार को छोटा करने और खर्च कम करने का एक बड़ा कदम माना जा रहा था, लेकिन कई लोगों का मानना है कि इससे बहुत ज्यादा बचत नहीं हो पाया है। मामले में अमेरिकी कर्मचारियों के मामलों के प्रमुख स्कॉट कुपर ने बताया कि अब डीओजीई कोई केंद्रीय विभाग



नहीं रहा। इसके कुछ काम अब कार्मिक प्रबंधन कार्यालय (ओपीएम) कर रही है। बता दें कि डीओजीई जनवरी में शुरू हुआ था। शुरू में यह पूरे वॉशिंगटन में सक्रिय था और सरकारी एजेंसियों को छोटा करने, बजट कम करने और ट्रंप की प्राथमिकताओं के अनुसार काम बदलने की कोशिश कर रहा था।

**डीओजीई का प्रचार और विवाद :** बीते दिनों डीओजीई ने दावा किया कि उसने अरबों डॉलर बचाए, लेकिन इसके आंकड़े सार्वजनिक नहीं किए गए। एलन मस्क ने डीओजीई के काम को बड़े उत्साह के साथ प्रचारित किया और कहा कि यह ब्यूरोक्रेसी के लिए चेनसॉ है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के पहले दिन से सरकारी हायरिंग पर रोक थी। ऐसे में अब यह रोक खत्म हो गई है। डीओजीई के कई कर्मचारियों ने अब नए प्रशासनिक और तकनीकी रोल संभाल लिए हैं। वहीं ट्रंप की टीम अब नियम-कानूनों को कम करने और एआई के जरिए सरकारी नियमों की समीक्षा पर काम कर रही है।

### प्रमुख लोगों ने संभाली नई भूमिका

डीओजीई के प्रमुख लोगों ने अब नई भूमिकाएं संभाल ली हैं। एयरबीएनबी के सह-संस्थापक जो गेबीआ अब राष्ट्रीय डिजाइन स्टूडियो का नेतृत्व कर रहे हैं और उनका काम सरकारी वेबसाइटों को और अधिक आकर्षक बनाना है। वहीं डीओजीई के अन्य कर्मचारी, जैसे एडवर्ड कोरिस्टिन, प्रशासन में नई जिम्मेदारियां निभा रहे हैं। उदाहरण के लिए, जाचरी टेरेल अब स्वास्थ्य और मानव सेवाएं विभाग के मुख्य तकनीकी अधिकारी हैं, जबकि राचेल रिले नौसेना अनुसंधान कार्यालय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।



### पोते से मिलने कनाडा गए भारतीय बुजुर्ग पर किशोरियों के उत्पीड़न का आरोप, कोर्ट ने निर्वासन का आदेश दिया

**टोरंटो, एजेंसी।** कनाडा के सर्निया में 51 साल के भारतीय नागरिक जगजीत सिंह को दो किशोरियों को लगातार परेशान करने के आरोप में दोषी ठहराया गया है। सिंह जुलाई में अपने नवजात पोते से मिलने कनाडा आए थे। अब उन्हें देश से निर्वासित किया जाएगा और भविष्य में कनाडा में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। पुलिस के अनुसार, सिंह ने स्कूल के बाहर धूम्रपान क्षेत्र में लड़कियों के पास जाना शुरू किया। आठ से 11 सितंबर के बीच उन्होंने लड़कियों से बार-बार फोटो लेने की कोशिश की और उनके साथ नशे और शराब के बारे में बातें कीं।

#### एक लड़की ने बताई आपबीती

मामले में एक लड़की ने बताया कि उसने पहले फोटो लेने से मना किया, लेकिन बाद में सिंह को शांत करने के लिए झिझकते हुए हां कर दी। इसके बाद सिंह ने लड़की के पास हाथ रखकर उसे असहज किया, जिसे लड़की ने हटा दिया। पुलिस ने बताया कि अंग्रेजी नहीं बोलने वाले जगजीत सिंह ने छात्राओं का पीछा भी किया। उन्हें 16 सितंबर को गिरफ्तार किया गया और यौन दुर्व्यवहार और यौन छेड़छाड़ के आरोप लगाए गए। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया, लेकिन नई शिकायत के बाद फिर गिरफ्तार किया गया।

#### क्रिमिनल हैरेसमेंट के लिए ठहराए गए दोषी

मामले में 19 सितंबर को सिंह ने यौन छेड़छाड़ के आरोप में दोषी नहीं होने की बात कही, लेकिन क्रिमिनल हैरेसमेंट के लिए दोषी ठहराए गए। सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने कहा कि सिंह का उस स्कूल के बाहर होना बिल्कुल गलत था।

#### जानें कौन-कौन सी सजा मिली?

बता दें कि सिंह को तीन साल की परिवीक्षा दी गई है। इसके तहत वे किसी भी लड़की से संपर्क नहीं कर सकते, उनके घर, स्कूल या काम की जगह के पास नहीं जा सकते। 16 साल से छोटे किसी भी बच्चे के पास नहीं रह सकते, सिर्फ अपने नवजात पोते को छोड़कर। इसके अलावा वे किसी स्कूल, पार्क, खेल का मैदान या समुदाय केंद्र के 100 मीटर के दायरे में नहीं जा सकते।

# कौन लीक कर रहा था पाक के न्यूक्लियर सीक्रेट्स

### मुशर्रफ से है कनेक्शन?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआई के पूर्व ऑपरेशंस चीफ जेम्स लॉलर ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया है। इसके मुताबिक, पाकिस्तान के परमाणु वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कादिर खान अन्य देशों को परमाणु तकनीक और सीक्रेट बेच रहे थे। इस बात की जानकारी मिलने पर तत्कालीन पाकिस्तानी राष्ट्रपति मुशर्रफ ने बड़ा नाटकीय व्यवहार किया था। उन्होंने कादिर खान के लिए गालियां तक बकी थीं। बाद में मुशर्रफ ने लंबे समय तक कादिर खान को उनके ही घर में नजरबंद रखा। बता दें कि सीआईए के पूर्व अधिकारी जेम्स लॉलर को अब्दुल कादिर खान के अंतराष्ट्रीय परमाणु तस्करी का खेल उजागर करने के लिए जाना जाता है। एएनआई के साथ इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि सीआईए के डायरेक्टर जॉर्ज टेनेट ने निजी तौर पर मुशर्रफ को कादिर खान की हरकतों की जानकारी दी थी। साथ ही उन्होंने पुख्ता सबूत भी पेश किए थे। इसमें बताया गया था कि खान परमाणु तकनीक से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां लीबिया जैसे देशों को बेच रहे हैं।

बता दें कि अब्दुल कादिर खान का नाम कई विवादों से जुड़ा रहा। इसमें परमाणु तकनीक के प्रसार और अवैध नेटवर्क के संचालन के आरोप शामिल हैं। इसके चलते उन्हें 2004 में नजरबंद भी किया गया था। उन्होंने बाद में इस नेटवर्क में अपनी भूमिका होने की बात मानी, लेकिन मुशर्रफ और बेनजीर भुट्टो पर भी आरोप लगाए। लॉलर के मुताबिक टेनेट ने मुशर्रफ को बताया कि





खान पाकिस्तान को धोखा दे रहे हैं। यह सुनते ही मुशर्रफ भड़क उठे थे। उन्होंने अब्दुल कादिर खान के लिए गंदी सी गाली निकालते हुए कहा, 'मैं उसे मार डालूंगा।' इसके बाद ही मुशर्रफ ने खान को कई साल के लिए हाउस-अरेस्ट कर लिया था। गौरतलब है कि एक्यू खान को मौतों का सौदागर कहा जाता था। लॉलेर ने बताया कि अमेरिकी एजेंसी लंबे समय तक निगरानी के बाद यह जानने में कामयाब हो गई थी कि वह पाकिस्तान को परमाणु संपन्न बना रहे हैं। हालांकि यह जानने में समय लगा कि वह इससे जुड़ी जानकारियां बाहर भी भेज रहे हैं। लॉलर बताते हैं कि इसी वजह से मैंने उसका नाम मौत का सौदागर रखा था। लॉलर ने बताया कि एक्यू खान का नेटवर्क ईरान के परमाणु कार्यक्रम पहुंच गया था। इसकी पुष्टि इस बात से हुई कि तेहरान ने पी1 और पी2 सेंट्रीफ्यूज डिजाइन का इस्तेमाल किया था, जो खान द्वारा तस्करी करके भेजा गया था। खान के नेटवर्क ने बैलिस्टिक मिसाइल और एक चीनी एटॉमिक बम का ब्लूप्रिंट भी भेजा था। उन्होंने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान परमाणु संपन्न हो गया तो पूरे मिडिल ईस्ट में 'परमाणु महामारी' फैल जाएगी।

# टेस्ट सीरीज में वापसी की आस पर पानी फिरा, भारत को मिला 549 रनों का महा-लक्ष्य, मुश्किल में टीम

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारत का निराशाजनक प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। दक्षिण अफ्रीका द्वारा दिए गए 549 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 21 रन पर दो विकेट गंवा दिए। टेस्ट सीरीज़ में 1-0 से पिछड़ रही भारतीय टीम के सामने कल एक कठिन चुनौती है क्योंकि टेस्ट के आखिरी दिन उसके पास केवल आठ विकेट ही बचे हैं। भारत ने चौथे दिन के आखिरी सत्र में विकेट गंवाए और गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच के आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका की स्थिति मजबूत है।

चौथे दिन स्टंप्स तक भारत का स्कोर 27/2 था, जिसमें कुलदीप यादव (4*) और साई सुदर्शन (2*) नाबाद थे। मेज़बान टीम को दो मैचों की सीरीज़ 1-1 से बराबर करने के लिए पाँचवें दिन 522 रनों की ज़रूरत है। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल सस्ते में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में 26/0 से की और लंच तक 220/4 रन बनाकर ट्रिस्टन स्टब्स (60*) और वियान मुल्डर (29*) स्ट्राइक पर थे।

लंच के बाद के सत्र में नीतीश कुमार रेड्डी ने पहला चौका तब दिया जब स्टब्स ने 74वें ओवर की तीसरी गेंद पर उन्हें चार चौके जड़े। स्टब्स ने आक्रामक रुख अपनाया और 76वें ओवर में रेड्डी के खिलाफ लगातार दो चौके लगाए। 78वें ओवर में, प्रोटियाज़ बल्लेबाज़ ने रवींद्र जडेजा की गेंद पर डीप मिड-विकेट की बाउंड्री के ऊपर से एक गगनचुंबी छक्का जड़ा। 78वें ओवर की तीसरी गेंद पर, स्टब्स, जो अपने शतक की ओर बढ़ रहे थे, जडेजा की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिन्होंने 180 गेंदों में 94 रन बनाए।

स्टब्स के आउट होने के बाद, दक्षिण अफ्रीका ने 260/5 पर अपनी पारी घोषित करने का फैसला किया और उन्होंने 549 रनों का मुश्किल लक्ष्य रखा। यह दूसरी बार है जब भारत को घरेलू टेस्ट में 500 से ज़्यादा रनों का लक्ष्य दिया गया है। इससे पहले 2004 में नागपुर में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 543 रनों का लक्ष्य दिया था। वह मैच वे 342 रनों से हार गए थे, जो रनों के लिहाज़ से उनकी सबसे बड़ी हार है। भारतीय सलामी बल्लेबाज़ केएल राहुल और यशस्वी बल्लेबाज़ी करने उतरे। जायसवाल ने एक चौका और एक छक्का लगाकर आक्रामक रुख़ दिखाया, जबकि राहुल ने सतर्कता से शुरुआत की।



# 'दीप्ति शर्मा डब्ल्यूपीएल मेगा नीलामी में सबसे ज़्यादा डिमांड वाली खिलाड़ी होंगी'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जैसे-जैसे टीमें टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 मेगा ऑक्शन की तैयारी कर रही हैं और अपनी टीम को मजबूत करना चाहती हैं, सभी की नजरें भारत की टॉप ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और भरोसेमंद बैट्समैन हरलीन देओल पर हैं, जो उनकी लाइन-अप को मजबूत करेंगी। जियो हॉटस्टार के शो 'मोस्ट वांटेड: टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 ऑक्शन' में एक्सपर्ट अंजुम चोपड़ा और वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा के ऑलराउंड असर और हरलीन देओल की वैल्यू को खास भारतीय खिलाड़ियों के तौर पर बताया, जिन पर हर फ्रेंचाइजी करीब से नजर रखेगी।

अंजुम चोपड़ा ने अपनी राय साझा करते हुए कहा, 'गुजरात जायंट्स को मेगा-ऑक्शन में दीप्ति शर्मा पर जरूर विचार करना चाहिए। दिल्ली कैपिटल्स भी उन्हें एक भारतीय खिलाड़ी के रूप में टारगेट कर सकती है जो बैटिंग और बॉलिंग दोनों को मजबूत करती है। गुजरात और दिल्ली के बाद यूपी वॉरियर्स उनकी सर्विस लेने में दिलचस्पी रखने वाली तीसरी टीम हो सकती है।'

गुजरात जायंट्स द्वारा हरलीन देओल को रिलीज किए जाने पर उन्होंने कहा, 'मुझे हैरानी है कि गुजरात जायंट्स ने हरलीन देओल को रिलीज किया। वह एक मल्टी-टैलेंटेड भारतीय खिलाड़ी है जो थोड़ी बॉलिंग भी कर सकती है, और मुझे उम्मीद है कि वह अपनी बॉलिंग स्किल्स को और डेवलप करेगी। ऑक्शन में उसमें अच्छी दिलचस्पी होगी। दीप्ति शर्मा के साथ, वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी होगी जिसे हर फ्रेंचाइजी टारगेट करेगी क्योंकि टीमें मजबूत भारतीय बैट्समैन और संभावित लीडरशिप ऑप्शन चाहती हैं।'

वेदा कृष्णमूर्ति ने दीप्ति शर्मा की स्किल्स की तारीफ की और बताया कि मेगा नीलामी में वह सबसे ज़्यादा डिमांड वाली प्लेयर क्यों होंगी। उन्होंने कहा,'दीप्ति शर्मा पिछले डब्ल्यूपीएल सीजन से एक जानी-मानी मैच-विनर हैं, उन्होंने बैट और बॉल दोनों से शानदार परफॉर्म किया है। उन्होंने हाल ही में खत्म हुए विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता। मेगा-ऑक्शन में उनकी डिमांड जरूर ज़्यादा होगी, और हर फ्रेंचाइज उन पर करीब से नजर रखेगी।% टाटा डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी 27 नवंबर को होगी जिसे जियो हॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर सीधे देखा जा सकता है।

# शमी की फिर हुई उपेक्षा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर समाप्त होने का संकेत तो नहीं



**मुम्बई (एजेंसी)।** पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की एक बार फिर अनदेखी हुई है। शमी को घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन के बाद भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया है। शमी लंबे समय से वापसी के लिए इंतजार रहे थे पर टीम में जगह नहीं मिलने से उनका इंतजार लंबा होता जा रहा है। इससे ये भी अटकलें लगायी जा रही हैं कि शमी अब लगता है चयन समिति की योजनाओं का हिस्सा नहीं रहे हैं। अभी वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल की ओर से खेल रहे हैं। हाल ही में शमी ने रणजी ट्रॉफी के पहले चरण में बंगाल की ओर से 4 मैचों में 20 विकेट लिए थे और उन्हें सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के लिए भी जगह मिली थी पर इसके बाद भी उन्हें भारतीय टीम में जगह नहीं मिल पायी है। जिससे कहा जा रहा है उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर समाप्त हो गया है।

ये भी कहा जा रहा है कि जब शमी घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए लगातार विकेट ले रहे हैं तो फिर उन्हें टीम में जगह क्यों नहीं मिल रही है। क्या चयन समित उसने अपनी नाराजगी निकला रही है। शमी ने कुछ समय पहले चयन समिति पर सवाल उठाये थे। तब मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने एक कार्यक्रम में बताया था कि उन्हें फिटनेस की वजह से टीम में शामिल नहीं किया जा रहा है। इसके बाद . शमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि वह पूरी तरह से फिट हैं और इसी कारण घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। गौरतलब है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया गया है। फिलहाल ये दोनों तेज गेंदबाज टेस्ट सीरीज में खेल रहे हैं। ऐसे में शमी को अवसर दिया जाना था पर ऐसा नहीं हुआ।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे पृथ्वी शॉ, आईपीएल में वापसी पर रहेगी नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ एक ऐसा नाम जिसे कभी भारतीय क्रिकेट के सबसे चमकदार युवा सितारों में गिना जाता था और अब अपने करियर को फिर से जीवित करने के निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। बीते कुछ वर्षों में खराब फॉर्म, फिटनेस चुनौतियों और ऑफ-फील्ड विवादों ने उनकी प्रगति को गहरी चोट पहुंचाई। लेकिन 2025-26 घरेलू सीजन से पहले महाराष्ट्र में शिफ्ट होकर शॉ ने अपने लिए नई शुरुआत का रास्ता चुना है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी उनके लिए वह मंच बन सकती है, जहां वे दोबारा साबित कर सकते हैं कि उनका टैलेंट अब भी उतना ही खतरनाक है।

### पृथ्वी शॉ की नई शुरुआत : बदलाव जिसने सबका ध्यान खींचा

मुंबई क्रिकेट के पोस्टर बॉय रहे पृथ्वी शॉ ने पहली बार अपने घरेलू करियर की दिशा बदलते हुए महाराष्ट्र को चुना। यह कदम न केवल उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा का संकेत देता है, बल्कि यह भी बताता है कि वे एक स्वच्छ शुरुआत और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। वर्षों की अस्थिरता और टीम चयन में लगातार गिरावट के बाद यह बदलाव उनके करियर का अहम मोड़ माना जा रहा है।

### SMAT: करियर को पटरी पर लाने का सुनहरा मौका

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी (SMAT), जो टी20 फॉर्मेट में भारत के सबसे बड़े घरेलू टूर्नामेंटों में से एक है, शॉ के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। कल से शुरू होने वाला यह टूर्नामेंट उनके लिए सिर्फ रन बनाने का अवसर नहीं, बल्कि यह दिखाने का मंच है कि वे वापसी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। IPL 2025 के मिनी ऑक्शन को देखते हुए हर पारी, हर रन और हर स्ट्राइक-रेट उनकी बोली पर सीधा प्रभाव डालेगा।

### IPL ऑक्शन में झटका और अब उम्मीद की नई किरण

पिछले साल के IPL ऑक्शन में किसी भी टीम ने पृथ्वी शॉ पर बोली नहीं लगाई। यह उनके लिए सिर्फ एक पेशेवर झटका नहीं, बल्कि एक संकेत था कि उनके मार्केट वैल्यू में बड़ी गिरावट आ चुकी है। अब उनकी नज़र SMAT में दमदार प्रदर्शन पर है। अगर वे अपनी पुरानी आक्रामक बैटिंग शैली और कंसिस्टेंसी वापस लेकर आते हैं, तो IPL टीमों का ध्यान उनकी ओर लौट सकता है, खासकर वे फ्रेंचाइजी जो भारतीय ओपनर की तलाश में हैं और विदेशी स्लॉट बचाना चाहती हैं।

### लीडरशिप की जिम्मेदारी

इस बार पृथ्वी शॉ को सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि कप्तान की भूमिका भी निभानी है। रुतुराज गायकवाड़ राष्ट्रीय टीम के लिए चयनित होने के कारण महाराष्ट्र की कप्तानी ग्रुप स्टेज तक शॉ को सौंपी गई है। यह भूमिका उनके व्यक्तित्व, मैच्योरिटी और गेम अवेयरनेस को उजागर करने का शानदार मौका है, वे गुण जिन्हें IPL टीमें बहुत महत्व देती हैं।



### दिल्ली कैपिटल्स से शुरुआत और विस्फोटक IPL रिकॉर्ड

शॉ ने IPL में अपने सातों सीजन दिल्ली कैपिटल्स के साथ खेले, जहां उन्होंने 1,892 रन बनाए और 147 की स्ट्राइक-रेट से गेंदबाजों पर हावी रहे। पावरप्ले में तेज शुरुआत दिलाने की उनकी क्षमता आज भी कई टीमों के लिए अमूल्य है। अगर वे पुराना फ्लो वापस पाते हैं, तो IPL 2026 से पहले उनका क्रिकेट करियर दोबारा नई उड़ान पकड़ सकता है।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन वाइल्ड कार्ड प्लेऑफ में सुमित नागल की जीत के साथ शुरूआत

चेंगडू । भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2.6, 6.0, 6.2 से जीत दर्ज की । नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिये पुरूष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे । नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके । अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।



# भारत में खेलकर उत्साहित हैं मुथुसामी



नई दिल्ली । गुवाहाटी टेस्ट की पहली पारी में शानदार शतक लगाने दक्षिण अफ्रीका टीम के भारतीय मूल के ऑलराउंडर सेनुरन मुथुसामी ने कहा है कि भारत में खेलकर उन्हें बेहद खुशी हुई है। मुथुसामी ने कहा है कि साल 2019 में भारत दौरे के बाद उन्हें लगा था कि अब उन्हें यहां कभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलने का कोई अवसर फिर कभी नहीं मिल पाएगा क्योंकि तब वह दो विकेट ही ले पाये थे। इसलिए वह इस बार के भारत दौरे से बेहद उत्साहित हैं। अब 6 साल बाद मुथुसामी ने भारत दौरे में शानदार प्रदर्शन कर अपने को साबित किया है। उन्होंने कहा कि उपमहाद्वीप के हालातों को हमने बेहतर ढंग से सामझा है। मुथुसामी ने इस साल पाकिस्तान दौरे में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए पहले टेस्ट में ही 11 विकेट लिए थे। वहीं दूसरे टेस्ट में 89 रन की नाबाद पारी खेलीं अब उन्होंने भारत के खिलाफ 109 रन की पारी ऐसे समय में खेली जब टीम ने 201 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। मुथुसामी ने कहा, 'मेरी यात्रा अलग प्रकार की रही है। साल 2019 में भारत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया पर अधिक सफलता नहीं मिली हालांकि क्रिकेट एक सफर है जिसमें आप बस हर दिन को एक एक करके लेते हैं और ज्यादा आगे की नहीं सोचते।' उन्होंने कहा, 'लेकिन 2019 के बाद मुझे भरोसा नहीं था कि मैं कभी टेस्ट क्रिकेट खेल पाऊंगा। और भारत में खेलने के बारे में तो बिल्कुल भी भरोसा नहीं था।' मुथुसामी ने कहा, 'मैं बस उस समर्थन के लिए आभारी हूं जो मुझे कोचों, परिवार और सहयोगी स्टाफ से मिला।' साल 2019 की पदार्पण सीरीज के बाद उन्हें चार साल बाद टीम में जगह मिली। इस बीच उन्होंने घरेलू क्रिकेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था।

# सुल्तान अजलान शाह कप : बेल्जियम के खिलाफ 2-3 से हारा भारत

**इपोह (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी टीम ने मंगलवार को मलेशिया के इपोह में सुल्तान अजलान शाह कप 2025 में बेल्जियम के खिलाफ फाइटिंग परफॉर्मेंस दी, लेकिन 3-2 से हार गई। सुल्तान अजलान शाह स्टेडियम में हुआ यह हॉकी मैच पहले सोमवार को होना था, लेकिन भारी बारिश की वजह से इसे स्थगित कर दिया गया। भारत के लिए अभिषेक (33') और शिलानंद लाकड़ा (57') ने गोल किए, जबकि पूर्व ओलंपिक चैंपियन बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17', 57') और निकोलस डी केर्पेल (45') गोल करने वाले खिलाड़ी थे।

सातवें नंबर की टीम भारत ने पक्के इरादे से शुरुआत की, दुनिया की नंबर 3 बेल्जियम को दूर रखा और शुरुआती दबाव का सामना किया। भारतीय गोलकीपर पवन को रीस्टार्ट के दोनों तरफ एक्शन में लाया गया, जिससे उनकी टीम बराबरी पर रही और वे लगातार गेम में आगे बढ़ते रहे। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर से पहला असली मौका मिला, और जल्द ही उन्होंने दूसरा मौका भी बनाया। हालांकि, भारतीय डिफेंस ने मजबूती से खड़े होकर यह पक्का किया कि वे पहले क्वार्टर के बाद बराबरी पर रहें।



भारत ने दूसरे क्वार्टर की शुरुआत फ्रंट फुट पर की और मौके की तलाश में अच्छे पास दिए। हालांकि, बेल्जियम ने खेल के दौरान बढ़त बना ली, और रोमन डुवेकोट के गोल की मदद से पवन की रुकावट को तोड़ दिया। तुरंत जवाब की तलाश में, दिलप्रीत सिंह ने भारत के लिए एक अच्छा मूव पूरा किया लेकिन खतरनाक खेल के कारण गोल रद्द कर दिया गया। भारत के ज़ोर लगाने और जांच करने के बावजूद, बेल्जियम ने हाफ टाइम तक अपनी 1-0 की बढ़त बनाए रखी। दूसरे हाफ में भारत ने शुरुआत से ही जोरदार शुरुआत की और अभिषेक के शानदार मूव को गोल में बदलकर बराबरी हासिल की।

मोमेंटम के साथ भारतीयों ने दूसरे गोल की तलाश में बेल्जियम पर दबाव बनाया। हालांकि, निकोलस डी केर्पेल (45') ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके बेल्जियम को बढ़त वापस दिला दी। उन्होंने जल्द ही अपनी बढ़त बढ़ा ली, चौथे क्वार्टर की शुरुआत में रोमन डुवेकोट ने गोल करके बेल्जियम को कुछ राहत दी। भारत ने एक बार फिर तुरंत जवाब देने की कोशिश की और 10 मिनट से भी कम समय में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करने के करीब पहुंच गया।

शिलानंद लाकड़ा ने कुछ देर बाद रबीचंद्र सिंह के शानदार क्रॉस पर गोल करके भारत को उम्मीद की एक किरण दी। जब मैच खत्म होने में 90 सेकंड बाकी थे, मोहित एचएस ने शानदार स्टॉप लगाकर बेल्जियम को चौथा गोल करने से रोक दिया और भारत को रेस में बनाए रखा। हालांकि, इस कड़े मुकाबले में भारत बराबरी का गोल नहीं कर पाया। पांच बार का सुल्तान अजलान शाह कप विजेता भारत अब बुधवार को मेजबान मलेशिया से खेलेगा।

# रोहित और विराट की जोड़ी दक्षिण अफीका के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय में बनाएगी रिकार्ड

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाजों विराट कोहली और रोहित शर्मा अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में खेलते नजर आयेंगे। इस सीरीज में प्रशंसकों को विराट और रोहित को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। अब 30 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय में उतरते ही रोहित और विराट की जोड़ी सबसे अधिक मैच खेलने का एक नया रिकार्ड अपने नाम करेगी। रोहित और विराट ने अभी तक 391 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। किसी जोड़ी के यह संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल सबसे अधिक मैच हैं। रोहित और कोहली के अलावा सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी ने भी इतने ही मैच खेले थे। ऐसे में जब रोहित और विराट दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला एकदिवसीय खेलने मैदान पर उतरेंगे तो वह तेंदुलकर और द्रविड़ के इस रिकॉर्ड को तोड़ देंगे। रोहित–कोहली की जोड़ी इस मैच में उतरते ही भारत के लिए सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली जोड़ी बन जाएगी। सचिन और सौरव गांगुली की जोड़ी 341 मैचों में एकसाथ उतरी थी। वहीं सचिन और अजहर की जोड़ी 292 मैचों में उतरी। विराट कोहली और महेन्द्र सिंह धोनी की जोड़ी 285 मैचों में उतरी।

# विराट को टेस्ट नहीं एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था : श्रीवत्स गोस्वामी



गुवाहाटी । दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में खेले जा रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम के खराब प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने कहा कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेटर खेलना जारी रखना था। गोस्वामी ने कहा कि विराट को टेस्ट की जगह पर एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था। गोस्वामी ने कहा है कि और एकदिवसीय से संन्यास लेना चाहिये था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेले श्रीवत्स ने सोशल मीडिया में कहा कि विराट को टेस्ट क्रिकेट नहीं छोड़ना चाहिए था। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम इंडिया की खराब बल्लेबाजी के बाद गोस्वामी ने कहा कि कोहली का टेस्ट से अचानक संन्यास लेना भारतीय क्रिकेट के लिए नुकसानदेह रहा है। गोस्वामी ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, मेरा मानना है कि विराट को एकदिवसीय खेलना छोड़ देना चाहिए था और टेस्ट क्रिकेट तब तक खेलते रहना चाहिए था, जब तक कि उनका फार्म बरकरार था। एक खिलाड़ी के तौर पर उनकी ऊर्जा, भारत के लिए खेलने का प्यार और जुनून टीम को हर हाल में जीतने को प्रौत्साहित करता है। गोस्वामी ने साथ ही लिखा, विराट के अंदर जीतने की जो मानसिकता और जोश था, वह वर्तमान टीम में नहीं है। गौरतलब है कि कोहली का कप्तान के तौर पर टेस्ट क्रिकेट में काफी अच्छा रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने 68 टेस्ट मुकाबलों में भारतीय टीम की ओर से खेलते हुए 40 मुकाबले जीते जबकि 17 मैचों में उन्हें हार झेलनी पड़ी। विराट ने इस साल 12 मई को टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। कोहली ने अंतिम बार बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 खेली थी जिसमें वह केवल एक शतक ही लगा पाए थे। उन्होंने इंग्लैंड दौरे के पहले अचानक ही संन्यास ले लिया था।

# भारतीय बल्लेबाजों की नाकामी कोच की गलती नहीं : सुरेश रैना ने गौतम गंभीर का किया बचाव

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने आलोचनाओं से घिरे राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि घरेलू टेस्ट मैचों में टीम के हालिया खराब प्रदर्शन के लिए सहयोगी स्टाफ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि खिलाड़ियों को नतीजों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पिछले साल न्यूजीलैंड के हाथों घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद भारत दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मौजूदा श्रृंखला में भी एक और निराशाजनक परिणाम की ओर बढ़ रहा है।

दो मैचों की इस श्रृंखला का पहला मैच गंवाने के बाद भारत के पास अब दूसरे मैच को जीतने की संभावना बेहद कम है। रैना ने कहा, 'गौती भैया (गौतम गंभीर) ने बहुत मेहनत की है और इसमें (टेस्ट टीम की मौजूदा स्थिति) उनकी कोई गलती नहीं है। खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और अच्छा खेलना होगा। उनके नेतृत्व में हम सीमित ओवरों के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां हमने इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दुबई में एशिया कप जीता था।'

'भारतीय सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग' के जर्सी लॉन्च के मौके पर इसके ब्रांड एम्बेस्डर रैना ने कहा, 'रन तो खिलाड़ियों को ही बनाने होंगे। कोच मार्गदर्शन और सलाह ही दे सकता है।' रैना ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि घरेलू टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच के रूप में गंभीर का भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को अगर कोई समस्या आ रही है, तो उन्हें कोच से इस बारे में बात करना चाहिए। खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो कोच की भी सराहना की जाएगी। लेकिन टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही है, तो कोच को उसके पद से बर्खास्त नहीं किया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा, 'मैं गौतम भैया के साथ खेला हूं, उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम से प्यार है, उन्हें क्रिकेट से प्यार है, मैंने उनके साथ विश्व कप खेला है और जीता भी है। उन्होंने देश के लिए वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है और अच्छा प्रदर्शन करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी है।' मौजूदा श्रृंखला में भारतीय टीम के चयन से जुड़े फैसलों की आलोचना पर रैना ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन ही मानक बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों को नियमित रूप से घरेलू क्रिकेट खेलना चाहिए और वहां अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए, अगर वे अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रदर्शन में अपने आप दिखाई देगा।'

उन्होंने कहा कि मौजूदा दौर में खिलाड़ियों के लिए तीनों अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से सामंजस्य बिठाना काफी चुनौतीपूर्ण है। व्यस्त कार्यक्रम का असर प्रदर्शन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'इस श्रृंखला के लिए बेहतर योजना बनाई जा सकती थी क्योंकि खिलाड़ियों को सफेद गेंद (सीमित ओवर) प्रारूप से लाल गेंद (टेस्ट) प्रारूप में ढलने का काफी कम समय मिला।'




रैना ने कहा कि वह 30 नवंबर से शुरू होने वाली दोनों टीमों के बीच वनडे श्रृंखला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसमें टीम को बेहर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा का साथ मिलेगा। उन्होंने कहा, 'रो-को (रोहित शर्मा और विराट कोहली)' जरूर वापसी करेंगे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन किया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे टीम को जरूर मजबूत करेंगे। ये दोनों विश्व और भारतीय क्रिकेट के बेहतरीन दूत हैं। जब वे टीम में होंगे तो माहौल अलग होगा, ऋषभ पंत भी कुछ समय बाद वापसी कर रहे हैं, इसलिए वनडे श्रृंखला देखना मजेदार होगा।'

# पलाश की बहन बोली , मंधाना और हमारे परिवार की निजता का सम्मान करें



इंदौर । भारतीय महिला क्रिकेट टीम की बल्लेबाज स्मृति मंधाना के पिता को दिल का दौरा पड़ने के कारण उनकी शादी टल गयी है। इसी मामले को लेकर अब स्मृति के मंगेतर पलाश मुच्छल की बहन पलक ने लिखा है कि शादी टल गयी है। इस संवेदनशील समय में हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि दोनों परिवारों की निजता का सम्मान करें। स्मृति की शादी का कार्यक्रम रविवार को था पर उनके पिता को सीने में दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा जिसके बाद स्मृति के पिता को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया और शादी की तैयारियां रोक दी गयीं। इसके बाद स्मृति के मंगेतर पलाश मुच्छल की तबीयत भी खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें भी अस्पताल ले जाना पड़ा हालांकि कुछ समय में इलाज के बाद वह होटल लौट आये। .पलाश को वायरल संक्रमण और एसिडिटी बढ़ने के कारण एक निज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इलाज के बाद पलाश को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वहीं मंधाना परिवार के डॉक्टर नमन शाह ने बताया कि उनकी सेहत की निगरानी के लिए मेडिकल टीम तैनात है। अगर उनकी तबीयत में जरूरी सुधार होता है तो उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। अचानक आई इन मुसीबतों से परिवार उबर रहा है और चाहता है कि इन क्षणों में उसकी निजता का सम्मान किया जाये।

# क्रिप्टोकरेंसी में गिरावट से ट्रंप परिवार को झटका, 8900 करोड़ हुए स्वाहा

**-एरिक ट्रंप बोले- गिरावट कभी बुरी नहीं होती, यह बेहतरीन खरीदारी का मौका होती है**

**वाशिंगटन।**

कुछ समय से क्रिप्टोकरेंसी में आई गिरावट ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के परिवार को झटके मिल रहे हैं। ट्रंप परिवार ने क्रिप्टो का बड़ा पेरोकार है। अब वही क्रिप्टो बाजार उनके समर्थकों के सामने एक कड़वा सबक बनकर खड़ा है। ट्रंप परिवार की कमाई उनकी घोषित संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा कम समय में ही हवा हो चुका है। एक रिपोर्ट के मुताबिक परिवार की कुल संपत्ति सितंबर की शुरुआत में 7.7 अरब डॉलर थी, जो अब घटकर 6.7 अरब डॉलर पर आ गई है यानी करीब 1 अरब डॉलर का नुकसान। ट्रंप परिवार को तो एक अरब डॉलर का ही नुकसान हुआ है पूरी दुनिया में इस क्रैश ने निवेशकों का 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का नुकसान कर दिया है। अगस्त से अब तक ट्रंप के नाम से जुड़े मीम कॉइन की कीमत करीब 25फीसदी गिरी है। हालत यह है कि जिसने भी इस मीमकॉइन को इसके लॉन्चिंग के सप्ताह भर बाद खरीदा, वह अब करीब अपना पूरा निवेश गंवा चुका है। ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप की जिस बिटकॉइन माइनिंग कंपनी में हिस्सेदारी है, उसकी वैल्यू अपनी ऊंचाई से करीब आधी रह गई है। वहीं ट्रंप की सोशल मीडिया कंपनी, ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप, जिसने इस साल बिटकॉइन में भारी निवेश किया था, उसके शेयर भी अपने रिकॉर्ड निचले स्तर के आसपास आ गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक एरिक ट्रंप क्रिप्टोकरेंसी के कट्टर समर्थक हैं। वह लगातार समर्थकों से कहते रहे हैं कि गिरावट कभी बुरी नहीं होती, बल्कि एक बेहतरीन खरीदारी का मौका होती है। जो लोग उतार-चढ़ाव का स्वागत करते हैं,



वे ही असली विजेता बनते हैं, लेकिन उनकी ये सलाह अब निवेशकों के लिए मुसीबत बन गई है। ट्रंप मीडिया एंड टेक्नोलॉजी ग्रुप, जो ट्रूथ सोशल चलाती है, ने गलत समय पर क्रिप्टो की दुनिया में बड़ा दांव लगाया। कंपनी ने करीब 2 बिलियन डॉलर बिटकॉइन और उससे जुड़े सिक्योरिटीज में लगाए थे। उस समय बिटकॉइन की कीमत करीब 115,000 डॉलर थी। अब कीमत करीब 25फीसदी नीचे है, जिससे कंपनी नुकसान में चली गई। कंपनी ने सिंगापुर से जारी सीआरओ टोकन भी बड़ी मात्रा में खरीदे थे, जिसकी कीमत अब आधी रह गई है। इसका सीधा असर ट्रंप की अपनी हिस्सेदारी पर भी पड़ा, जिसकी कीमत सितंबर से अब तक करीब 800 मिलियन डॉलर घट गई है।

# एआई लॉन्चिंग से लैरी पेज बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

**- पेज की नेटवर्थ में 7.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई**




**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में हाल की उथल-पुथल के बीच गूगल के को-फाउंडर लैरी पेज ने नया एआई मॉडल जे मिनी 3 लॉन्च होते ही ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। लॉन्च के बाद अल्फाबेट के शेयरों में 3 फीसदी की तेजी आई, जिससे पेज की नेटवर्थ में 7.5 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और उनकी संपत्ति 257 अरब डॉलर तक पहुंच गई। लैरी पेज के पार्टनर सर्जेई ब्रिन की नेटवर्थ में 6.9 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई, और उनकी कुल संपत्ति 240 अरब डॉलर हो गई। दोनों संस्थापकों ने 1998 में गूगल की शुरुआत एक छोटे गैराज से की थी और आज एआई के दम पर कंपनी फिर से तेजी पकड़ रही है। विश्लेषकों का कहना है कि जे मिनी 3 स्टेट-ऑफ-द-आर्ट एआई मॉडल है, जो गूगल के प्रोडक्ट्स में बड़ा बदलाव ला सकता है। इस लॉन्च ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया और अगले महीनों में और शेयर मूवमेंट की उम्मीद है। दुनिया के अरबपतियों की टाप-10 सूची में पहले नंबर पर एलन मस्क, दूसरे पर लैरी पेज, तीसरे नंबर पर लैरी एलिसन, चौथे जेफ बेजोस, पांचवे सर्जेई ब्रिन, छठवे मार्क जुकरबर्ग, सातवे बर्नार्ड अर्नाल्ट, आठवे स्टीव बाल्मर, नौसे जेन्सन हुआंग और 100वे नंबर पर वॉरेन बफेट का नाम शा मिल है।

# बजाज ऑटो ने ई-रिक्शा 'रिकी' के साथ किया बड़े पैमाने पर विस्तार

**- पहले चरण के तहत इसकी उपस्थिति आठ शहरों तक पहुंची**



**नई दिल्ली ।**

बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस साल अपने नए इलेक्ट्रिक रिक्शा 'रिकी' के साथ ई-रिक्शा खंड में कदम रखा है। कंपनी ने शुरू में चार शहरों में पायलट परीक्षण किया था। अब पहले चरण के तहत इसकी उपस्थिति आठ शहरों तक पहुंच चुकी है, जिनमें पटना, मुरादाबाद, गुवाहाटी और रायपुर शामिल हैं। कंपनी अगले साल जनवरी से मार्च तक 'रिकी' को 200 शहरों और कस्बों तक ले जाने की योजना बना रही है। बजाज ऑटो के एक कार्यकारी निदेशक के अनुसार शुरुआती चरण में ग्राहक प्रतिक्रिया देखी जाएगी। इसके आधार पर मात्रा और उत्पादन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पहले चरण में बजाज ऑटो उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और असम के कई शहरों और कस्बों को लक्षित कर रही है। उन्होंने कहा कि अगले तीन-चार महीनों में कंपनी केवल शुरुआत कर रही है, उसके बाद विस्तार की गति तेज होगी। 'रिकी' की कीमत 1.9 लाख रुपये है। कंपनी का कहना है कि यह पारंपरिक लेड-एसिड बैटरी वाले ई-रिक्शा की तुलना में अधिक सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। एक बार चार्ज करने पर यह 140 किलोमीटर तक चल सकता है।

बजाज ऑटो ग्राहक प्रतिक्रिया के आधार पर उत्पादन और वितरण बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है, जिससे यह ई-रिक्शा खंड में एक मजबूत मौजूदगी बना सके।

# कच्चे तेल में गिरावट से रुपया 11 पैसे मजबूत, 89.05 डॉलर पर पहुंचा

*डॉलर की मजबूती से दबाव बरकरार, विदेशी मुद्रा बाजार में सीमित दायरे में कारोबार*

**मुंबई ।**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर मंगलवार को भारतीय मुद्रा बाजार में दिखाई दिया, जहां रुपया शुरुआती कारोबार में 11 पैसे की मजबूती के साथ 89.05 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 89.02 पर खुला और शुरुआती दौर में हल्की बढ़त दर्ज करते हुए 89.05 के स्तर पर पहुंचा। विश्लेषकों के अनुसार कच्चे तेल की नरम कीमतें रुपये को सहारा दे रही हैं, हालांकि डॉलर की वैश्विक मजबूती रुपये पर दबाव बनाए हुए है। सोमवार को घरेलू मुद्रा 50 पैसे बढ़कर 89.16 पर बंद हुई थी। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापने वाला डॉलर इंडेक्स 0.06 फीसदी बढ़कर 100.13 पर पहुंच गया। वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.33 फीसदी टूटकर 63.16 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया, जिससे उभरते बाजारों की मुद्राओं में हलचल बढ़ी।



# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**सेंसेक्स 313, निफ्टी 74 अंक गिरा**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से बाजार गिरा है। ऑटो, आईटी और निजी बैंकिंग शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 313.70 अंक नीचे आकर 84,587.01 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 74.70 अंक नीचे आकर 25,884.80 पर बंद हुआ। वहीं लार्जकैप शेयरों में बिकवाली दर्ज की गयी। इसके विपरीत मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 216.40 अंक याकी तेजी के साथ 60,298 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 33.80 अंक की मजबूती के साथ 17,730.30 पर था। सेक्टोरल आधार पर आज मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.44 फीसदी, निफ्टी फार्मा 0.44 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.55 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 1.62 फीसदी, निफ्टी कमोडिटी 0.15 फीसदीऔर निफ्टी हेल्थकेयर 0.37 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी ऑटो 0.23 फीसदी, निफ्टी आईटी 0.57 फीसदी, निफ्टी मीडिया 0.80फीसदीऔर निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.23 फीसदी नीचे आकर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में बीईएल, एसबीआई, टाटा स्टील और भारती एयरटेल के शेयर लाभ में रहे जबकि टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल, ट्रेंट, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरे।

इससे पहले आज सुबह बाजार सपाट रुख के साथ खुले। सेंसेक्स ने 100 अंकों की बढ़त के साथ 85,008 पर कारोबार की शुरुआत की, लेकिन खुलते ही इसमें कमजोरी नजर आई। इसी तरह निफ्टी-50 भी 25,998 पर खुला, लेकिन जल्द ही इसमें उतार-चढ़ाव दिखा।

## केंद्र की नई फास्ट ट्रैक जीएसटी योजना से पंजीकरण प्रक्रिया में तेजी

**- 21 मिनट में मिला जीएसटी नंबर!**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने 1 नवंबर से फास्ट ट्रैक जीएसटी पंजीकरण योजना शुरू की। इसका उद्देश्य पंजीकरण प्रक्रिया को तेज़, आसान और पारदर्शी बनाना है। जीएसटी परिषद ने सितंबर में 56वीं बैठक में इस योजना को मंजूरी दी थी। पहले 15 दिनों में 1,42,000 आवेदनों को मंजूरी मिली, जिनमें दो-तिहाई पंजीकरण स्वचालित रूप से हुए। कुल 2,17,000 पंजीकरण मंजूर किए गए। सबसे तेज मंजूरी 21 मिनट में दी गई। पहला पंजीकरण 1 नवंबर को जारी हुआ। नई प्रणाली के तहत तीन कार्यदिवसों में पंजीकरण उन आवेदकों को मिलेगा जिन्हें सिस्टम डेटा से पहचाना जा सके और जिनकी मासिक देयता 2.5 लाख रुपये से अधिक न हो। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, इससे 96 प्रतिशत नए आवेदकों को लाभ होगा। अधिकारियों के अनुसार, नई ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज के एक अधिकारी ने बताया कि छोटे कारोबारी और पेशेवर अब 24 घंटे में पंजीकरण प्राप्त कर रहे हैं।

## एसबीआई वेंचर्स जुटाएगा 2,000 करोड़ का जलवायु कोष

**- हरित वृद्धि में निवेश को बढ़ावा देने की योजना**

**नई दिल्ली ।** एसबीआई वेंचर्स के एक अधिकारी ने आईवीसीए ग्रीन रिटर्न्स शिखर सम्मेलन के दूसरे संस्करण में बताया कि उनका उद्देश्य हरित वृद्धि को बढ़ावा देना है, जो एक नया वित्तीय अवसर है। उन्होंने कहा कि इसके लिए घरेलू और वैश्विक निवेशकों से संपर्क किया जाएगा और अगले साल की शुरुआत में रोड शो आयोजित किया जाएगा। एसबीआई वेंचर्स, जो एसबीआई का वैकल्पिक संपत्ति प्रबंधक है, अपने तीसरे जलवायु-केंद्रित कोष के लिए 2,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। प्रभाकर ने कहा कि उनका लक्ष्य अगले कैलेंडर वर्ष की पहली तिमाही में कोष तैयार करना है। यह कोष प्रारंभिक और विकास-चरण वाले जलवायु स्टार्टअप में निवेश करेगा, विशेषकर अग्रणी जलवायु प्रौद्योगिकियों और एआई-सक्षम जलवायु नवोन्मेषण पर। प्रभाकर ने बताया कि भारत के जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिवर्ष लगभग 170 अरब अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता है, जो वर्तमान प्रवाह से तीन गुना अधिक है।

## जम्मू-कश्मीर में एक अरब टन चूना-पत्थर का भंडार- जीएसआई

**- केंद्र का मिला समर्थन, ई-नीलामी शुरू**

**जम्मू ।** भारतीय भूगर्भ सर्वेक्षण (जीएसआई) के अनुसार जम्मू-कश्मीर में लगभग एक अरब टन चूना-पत्थर मौजूद है। केंद्रीय खान मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया ने बताया कि क्षेत्र में अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की भी संभावना है, जिन्हें स्थानीय लोगों के लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। पहली बार जम्मू-कश्मीर के खनिज ब्लॉक नीलामी मानचित्र में चूना-पत्थर ब्लॉक को शामिल करते हुए नीलामी और रोड शो का आयोजन किया गया। संजय लोहिया ने कहा कि केंद्र सरकार इस क्षेत्र में खनन, विकास और निवेश को तेज़ करने में पूरा सहयोग देगी। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने अनंतनाग, राजौरी और पुंछ में 314 हेक्टेयर में फैले सात चूना-पत्थर ब्लॉकों की ई-नीलामी शुरू की।

## अमेरिका शेयर बाजारों में तेजी, सभी प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ बंद

**- फेड रेट कट की उम्मीदें और ट्रंप-शी बातचीत से ग्लोबल सेंटीमेंट हुआ मज़बूत**

**वाशिंगटन ।** सप्ताह की शुरुआत अमेरिकी शेयर बाजारों के लिए बेहद सकारात्मक रही, जहां सभी प्रमुख इंडेक्स मज़बूत बढ़त के साथ बंद हुए। सोमवार को डाउ जोंस में 0.44 फीसदी की उछाल दर्ज की गई, जबकि नेस्डेक ने 2.69 फीसदी की दमदार छलांग लगाई, जो 12 मई के बाद इसकी सबसे बड़ी इंट्राडे तेजी रही। एसएंडपी 500 भी 1.5 फीसदी से अधिक चढ़कर बंद हुआ। इस रैली की मुख्य वजह ब्रॉडकॉम, माइक्रॉन, एएमडी और टेस्ला जैसे दिग्गज टेक शेयरों में भारी खरीदारी रही, जिसने बाजार की धारणा को काफी मजबूत किया। ग्लोबल मार्केट्स में तेजी की एक बड़ी वजह दिसंबर में फेडरल रिज़र्व द्वारा 0.25 फीसदी रेट कट की बढ़ती उम्मीदें भी हैं। बाजार विशेषज्ञों के ताजा अनुमान के अनुसार, रेट कट की संभावना 44 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गई है। अभी फेड फंड रेट 3.75-4.00 फीसदी के बीच है। रेट कट की संभावना बढ़ने से अमेरिका ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के बाजारों में पॉजिटिव माहौल बना है।



# टेक शेयरों की तेजी से अरबपतियों की दौलत में 65 अरब डॉलर का इजाफा

**वॉशिंगटन।**

अमेरिकी शेयर बाजारों में सोमवार को टेक्नोलॉजी शेयरों में आई जबरदस्त तेजी ने टेक बिलियनेयर्स की संपत्ति पर भारी असर डाला। गूगल, टेस्ला, अमेजन और मेटा जैसे दिग्गज कंपनियों के शेयरों में उछाल से अरबपतियों की लिस्ट में बड़ा हलचल मच गया। इंडेक्स के अनुसार, दुनिया के टॉप-10 अरबपतियों में से नौ की संपत्ति एक ही दिन में करीब 65 अरब डॉलर बढ़ गई। ये सभी अमेरिकी टेक उद्योग से जुड़े हैं, जो इस तेजी के प्रमुख लाभार्थी बने।

इस उछाल ने अमीरों की रैंकिंग को हिला दिया। गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज अब दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जिन्होंने ओरिकल के लैरी एलिसन को पीछे छोड़ दिया। गूगल के शेयर 6 प्रतिशत से ज्यादा चढ़कर 318.57 डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर बंद हुए, जिससे पेज को 14.9 अरब डॉलर का सीधा फायदा हुआ। उनकी कुल संपत्ति अब 272 अरब डॉलर हो गई है। इसी तरह, अमेजन के जेफ बेजोस चौथे से पांचवें स्थान पर खिसक गए, जबकि निवेश के दिग्गज वॉरेन बफे टॉप-10 से बाहर हो गए।

सबसे ज्यादा लाभ टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को हुआ। टेस्ला शेयरों में 6 प्रतिशत से अधिक की तेजी से उनकी संपत्ति 19.1 अरब डॉलर उछल गई। अब मस्क की कुल दौलत 441 अरब डॉलर पहुंच गई है, जो उन्हें इस साल के शीर्ष लाभ कमाने वालों में फिर से ला खड़ा किया। मस्क ने कहा कि यह उछाल इलेक्ट्रिक वाहनों और एआई क्षेत्र में बढ़ती मांग का नतीजा है। दूसरे नंबर पर लैरी पेज के बाद गूगल के दूसरे सह-संस्थापक सर्गेई ब्रिन रहे, जिनकी संपत्ति 13.8 अरब डॉलर बढ़कर 254 अरब डॉलर हो गई। लैरी एलिसन को 3.2 अरब डॉलर का फायदा मिला, उनकी कुल संपत्ति 257 अरब डॉलर है, जिसमें इस साल 64.4 अरब डॉलर का इजाफा हो चुका है। अमेजन शेयरों में 2.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी से बेजोस की दौलत 5.09 अरब डॉलर चढ़कर 248 अरब डॉलर पहुंची।



मेटा प्लेटफॉर्म्स के शेयर 3 प्रतिशत से ज्यादा ऊपर चढ़े, जिससे मार्क जुकरबर्ग ने 6.49 अरब डॉलर कमाए। उनकी संपत्ति अब 217 अरब डॉलर है। एनवीडिया के शेयरों में 2 प्रतिशत की तेजी से सीईओ जेनसन हुआंग को 3.13 अरब डॉलर का लाभ हुआ, उनकी कुल दौलत 159 अरब डॉलर हो गई। माइक्रोसॉफ्ट के पूर्व सीईओ स्टीव बाल्मर ने 5.87 अरब डॉलर जोड़े, उनकी संपत्ति 165 अरब डॉलर पहुंची। डेल टेक्नोलॉजीज के माइकल डेल ने 9.42 अरब डॉलर कमाकर 154 अरब डॉलर के साथ दसवें स्थान पर कब्जा जमाया और बफे को बाहर कर दिया। यह तेजी अमेरिकी अर्थव्यवस्था में टेक सेक्टर की मजबूती को दर्शाती है, लेकिन विशेषज्ञ चेताते हैं कि बाजार की अस्थिरता से ये लाभ अस्थायी हो सकते हैं। फिर भी, टेक बिलियनेयर्स की यह डॉलर की बारिश वैश्विक धन असमानता पर बहस छेड़ रही है।

## जेएंडके बैंक ने एमडीबी ग्रुप के साथ किया करार

**नई दिल्ली ।** जेएंडके बैंक ने एमडीबी ग्रुप के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत मोहाली में दिल्ली-मनाली हाईवे पर विकसित हो रहे अल्ट्रा-लक्ज़री हाउसिंग प्रोजेक्ट 'द लुटियंस' के लिए विशेष वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। बैंक की ओर से एक ज़ोनल हेड (कठुआ) और एमडीबी ग्रुप की ओर से एक वे रिष्ठ सीए ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान बैंक के एक अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि यह साझेदारी बैंक की प्रतिबद्धता को मजबूत करती है और प्रीमियम घर खरीदने वाले ग्राहकों को सरल, अनुकूलित और विश्वसनीय फाइनेंस सेवाएं प्रदान करेगी।

# अफगानिस्तान सोने की खदानों में पैसा लगाएं भारतीय कंपनियां, टैक्स में मिलेगी छूट

**-भारत का व्यापारिक दूत अफगान होगा तैनात, दोनों देशों में व्यापार आसान होगा**

**नई दिल्ली।**

भारत में अफगानिस्तान के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी अपनी छह दिन की यात्रा पूरी कर ली। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए। भारत का एक व्यापारिक दूत अफगानिस्तान में तैनात होगा जो दोनों देशों के व्यापार को और आसान बनाएगा। साथ ही जो भारतीय कंपनियां या निवेशक अफगानिस्तान के सोने की खदानों में पैसा लगाएंगी, उन्हें पांच साल तक टैक्स में पूरी छूट दी जाएगी। सबसे खास बात ये है कि भारत और अफगानिस्तान के बीच एक एयर कार्गो कॉरिडोर से नया रास्ता खुलेगा। यही मुख्य बातें हैं जो तालिबान शासित अफगानिस्तान के वाणिज्य मंत्री अलहाज नूरुद्दीन अजीजी ने अपनी छह दिन की भारत यात्रा सोमवार को खत्म करते वक्त तय कीं। पिछले हफ्ते भारत आए अजीजी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात की थी और भारतीय कारोबारियों से बातचीत की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में अफगान दूतावास में पत्रकारों से बात करते हुए अजीजी ने कहा था कि एक महीने में अफगानिस्तान का व्यापारिक दूत भारत आएगा और काबुल चाहता है कि दोनों देशों का व्यापार एक अरब डॉलर से बहुत ज्यादा हो। उन्होंने कहा कि निजी निवेश के मामले में भारत और अफगानिस्तान दोनों तरफ से बहुत मजबूत रहे। अजीजी ने भारतीय कंपनियों को अफगानिस्तान में पैसा लगाने का ऑफर दिया और कहा कि खदान, खेती, दवा-स्वास्थ्य, आईटी, बिजली और कपड़ा जैसे कई क्षेत्रों में मौका है। उन्होंने बताया कि नए क्षेत्रों में निवेश करने वालों को पांच साल तक टैक्स नहीं देना पड़ेगा। खासकर सोने की खदान में। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में बहुत संभावनाएं हैं, लेकिन वहां ज्यादा प्रतिद्वंद्वी नहीं मिलेंगे, भारत को जमीन भी देंगे, टैरिफ में छूट देंगे और पांच साल टैक्स माफ करेंगे, ताकि भारतीय कंपनियां आसानी से वहां कारोबार शुरू कर सकें।

## छोटी और मझोली कंपनियों ने बड़ी कंपनियों को पीछे छोड़ दिया

**- सितंबर 2025 की तिमाही में भारत की बड़ी कंपनियों का मुनाफा धीमा रहा**

**मुंबई ।**

सितंबर 2025 की तिमाही में भारत की बड़ी कंपनियों का मुनाफा केवल 1.2 फीसदी बढ़ा, जो पिछले तीन साल में सबसे कमजोर वृद्धि है। बिक्री में भी वृद्धि धीमी रही, केवल 6.4 फीसदी, जो पिछले 17 तिमाहियों में सबसे कम है। नतीजतन, निफटी-50 का कुल मुनाफे में हिस्सा घटकर 50 फीसदी रह गया, जो पिछले पांच साल में न्यूनतम है। इस तिमाही में इन कंपनियों ने मिलकर 1.81 ट्रिलियन का मुनाफा कमाया। वहीं देश की बाकी लिस्टेड कंपनियों का कुल मुनाफा 10.8 फीसदी बढ़ा। मिडकैप-150 कंपनियों का मुनाफा 27 फीसदी और स्मॉलकैप-250 का 37 फीसदी बढ़ा। इस तरह छोटी और मझोली कंपनियों ने बड़ी कंपनियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। कुल 2,647 कंपनियों का मुनाफा 3.62 ट्रिलियन तक पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, इस तिमाही में अधिक कमाई ऊर्जा, धातु, सीमेंट, इंफ्रास्ट्रक्चर, मटेरियल और ऑटो जैसे चक्रीय सेक्टर्स से हुई। ` निफटी-50 में इन सेक्टरों की कंपनियां कम हैं। इसके बजाय, बड़ी कंपनियों में बैंक, आईटी, एफएमसीजी और तेल-गैस जैसी सेक्टर अधिक हैं, जिनकी वृद्धि इस तिमाही में धीमी रही।

## भारत हमारी एआई रणनीति के लिए महत्वपूर्ण बाजार- एनटीटी डेटा




**तोक्यो ।** टोक्यो की वैश्विक आईटी सेवा कंपनी एनटीटी डेटा ने कहा है कि भारत उनकी एआई रणनीति में एक अहम बाजार है। कंपनी भारत को एपीएसी क्षेत्र का वैश्विक एआई आपूर्ति और प्रतिभा केंद्र बनाने पर काम कर रही है। एनटीटी डेटा के पास भारत में डेटा सेंटर क्षेत्र में 30 फीसदी हिस्सेदारी है और इसे और बढ़ाने की योजना है। कंपनी ने शुरुआती निवेश और अधिग्रहण पर गर्व जताया। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि भारत में युवा प्रतिभा को प्रशिक्षण देकर एआई रणनीति को मजबूत किया जा रहा है। इंडिया एआई मिशन जैसी सरकारी पहल कंपनी के लिए एक जरूरी समर्थन साबित हो रही है।



# दो दीवाने शहर में फिल्म ने मुझे मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की

**बॉलीवुड में रोमांस और दिल छू लेने वाली कहानियों को हमेशा खास जगह दी जाती है। इस कड़ी में संजय लीला भंसाली का प्रोडक्शन एक ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहा है, जिसका नाम है दो दीवाने शहर में। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आएंगे।**

इस फिल्म को रवि उद्यावर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म के बारे में सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, जब मैं दो दीवाने शहर में फिल्म की शूटिंग कर रहा था, उस समय मैं अपने निजी जीवन में कुछ मुश्किल भरे दौर से गुजर रहा था। मेरे लिए यह फिल्म सिर्फ एक काम नहीं थी; यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे क्रिएटिविटी के तौर पर चुनौती दी और व्यक्तिगत रूप से मुझे उन मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की। सिद्धांत ने बताया कि फिल्म उनके दिल के बहुत करीब है और उम्मीद जताई कि शूटिंग के दौरान जो जुड़ाव उन्होंने महसूस किया, वही फिल्म देखने के दौरान दर्शक भी करेंगे। उन्होंने आगे कहा, कहते हैं कि परफेक्ट जैसा कुछ नहीं होता। बस आपको किसी ऐसे इंसान की जरूरत होती है जो आपके लिए दुनिया से लड़ सके और आप भी उनके लिए हमेशा खड़े रहें। फिल्म की कहानी एक अनोखे और खूबसूरत रोमांस को दर्शाती है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसे दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी बताया। फिल्म की घोषणा करते हुए भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, दो दिल, एक शहर, और एक इंपरफेक्टली परफेक्ट लव स्टोरी... इस वैलेंटाइन डे आपको इश्क से इश्क हो जाएगा। दो दीवाने शहर में 29 फरवरी 2026 को रिलीज हो रही है। संजय लीला भंसाली इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं, और उनके साथ प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार भी इस प्रोजेक्ट में हैं। फिल्म रवि उद्यावर फिल्म्स के सहयोग से बनाई जा रही है।



# द फैमली मैन 3 में अपने किरदार पर बोलीं निमरत कौर

**मनोज बाजपेयी की अदाकारी वाली वेब सीरीज द फैमिली मैन 3 प्राइम वीडियो पर रिलीज हो चुकी है। अभिनेत्री निमरत कौर ने इस सीरीज में अहम रोल अदा किया है। अपने रोल के बारे में उन्होंने कई बातें कही हैं। उनके मुताबिक द फैमिली मैन के नए सीजन में मीरा की भूमिका निभाना एक रोमांचक मौका था।**

## सीरीज में कैसा है निमरत का किरदार?

कौर ने फिल्म द लंचबॉक्स, एयरलिफ्ट और दसवीं में बेहतरीन अभिनय किया है। निमरत कौर द फैमिली मैन 3 में श्रीकांत तिवारी (मनोज बाजपेयी) की दुश्मन हैं। जयदीप अहलावत के साथ उन्होंने विलेन का रोल किया है। अपने किरदार के बारे में निमरत ने कहा वह एक कड़वी चॉकलेट है, एक कैरेक्टर के तौर पर बहुत स्वादिष्ट है। वह आम इंसान की पहुंच से दूर है। कौर ने आगे कहा कि उन्हें अपने किसी भी आने वाले प्रोजेक्ट पर इतना अच्छा रिएक्शन कभी नहीं मिला, जितना उन्हें तब मिला जब उन्होंने बताया कि वह द फैमिली मैन 3 का हिस्सा हैं।

## शो ऑफ करने लगीं


निमरत कौर ने कहा शुरू में मैं धीरे से जवाब देती थी क्योंकि मैं आम तौर पर शांत रहने वाली इंसान हूं। बाद में, मुझे समझ आया कि मुझे हर किसी से, परिवार से, दोस्तों से और लोगों से अच्छा रिएक्शन मिल रहा है। फिर मैंने शो ऑफ करना शुरू कर दिया। जब कोई मुझसे पूछता आप आगे क्या करने वाली हो? तो मैं कहती मैं द फैमिली मैन 3 करने वाली हूं। ऐसे रोल का इंतजार रहता है

## अपने किरदार के बारे में कहा

ये ऐसा किरदार है जिसे आपको बनाना होता है, ये आपको दिया जाता है। इसके बाद उम्मीद की जाती है कि आप इसके साथ न्याय करें। इसलिए, मैं हमेशा ऐसे रोल का इंतजार करती हूं, मुझे ऐसे सेट पर बहुत मजा आता है।

## सीरीज में हैं ये कलाकार

द फैमिली मैन 3 में शारिब हाशमी, प्रियामणि, अश्लेषा ठाकुर, वेदांत सिन्हा, श्रेया धनवंतरी और गुल पनाग हैं। सीरीज पर दर्शक अच्छी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



# कॉमिक टाइमिंग के जादूगर, जानें कैसे बने बॉलीवुड के रोम-कॉम किंग

बॉलीवुड में कुछ ऐसे कलाकार होते हैं जो अपने चेहरे की मासूमियत, हंसी और स्क्रीन पर अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लेते हैं। कार्तिक आर्यन ऐसे ही एक कलाकार हैं, जिन्होंने रोमांस और कॉमेडी से बॉलीवुड में एक अलग मुकाम हासिल किया है। उनकी फिल्में दर्शकों का लंबे समय से मनोरंजन करती आई हैं। उनकी फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ ह्यूमर का जबरदस्त मेल देखने को मिलता है, जिसके चलते उन्हें आज बॉलीवुड का रोम-कॉम किंग कहा जाता है।

कार्तिक आर्यन का जन्म 22 नवंबर 1990 को मध्य प्रदेश के शहर ग्वालियर में हुआ। उनका असली नाम कार्तिक तिवारी है, लेकिन उन्होंने बॉलीवुड में आने के लिए अपना सरनेम बदलकर आर्यन रख लिया। उनके माता-पिता दोनों डॉक्टर हैं, इसलिए उनके परिवार की पहली इच्छा थी कि कार्तिक भी डॉक्टर बने। लेकिन कार्तिक के दिल में फिल्मी दुनिया का सपना था। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा और धीरे-धीरे एक्टिंग की ओर भी आकर्षित होते गए।

2011 में कार्तिक आर्यन ने बॉलीवुड में कदम रखा और प्यार का पंचनामा फिल्म से डेब्यू किया। इस फिल्म में उनका किरदार रजत नाम के लड़के का और उन्होंने एक सीन में लगभग पांच मिनट का लंबा मोनोलॉग बिना रुके कहा। यह मोनोलॉग आज भी बॉलीवुड की यादगार पलों में गिना जाता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट रही और कार्तिक की प्रतिभा को खूब सराहा गया। इस मूवी ने उनके लिए फिल्म इंडस्ट्री में दरवाजे खोल दिए।

इसके बाद उन्होंने कई रोमांटिक फिल्मों में काम किया, लेकिन उनकी असली पहचान तब बनी जब उन्होंने प्यार का पंचनामा 2, सोनू के टीटू की स्वीटी, और लुका छुपी जैसी फिल्में की। इन फिल्मों में उन्होंने अपने कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया। सोनू के टीटू की स्वीटी में उनका किरदार ऐसा था जो दर्शकों के दिलों में तुरंत उतर गया। लुका छुपी में उनकी मासूमियत और मजेदार अंदाज ने फिल्म को और भी हिट बनाया। इन फिल्मों के जरिये कार्तिक ने साबित किया कि वह सिर्फ रोमांटिक हीरो नहीं, बल्कि कॉमेडी में भी माहिर हैं।

कार्तिक आर्यन ने इसके अलावा पती-पत्नी और वो जैसी फिल्मों में भी शानदार प्रदर्शन किया। कॉमेडी के साथ-साथ कार्तिक ने भूल भुलैया 2 और भूल भुलैया 3 जैसी हॉरर-कॉमेडी फिल्में भी की, जो सुपरहिट रहीं। इसके अलावा, उन्होंने धमाका और फ्रेडी जैसी फिल्में कर करके अपने अभिनय की सीमा को और बढ़ाया। धमाका में उन्होंने एक जर्नलिस्ट का किरदार निभाया, जबकि फ्रेडी में वह एक शर्मीले और शांत डेंटिस्ट बने, जिसमें उनका डार्क और सस्पेंस से भरा अंदाज देखने को मिला।

करियर में अपनी मेहनत और अभिनय से उन्होंने कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें स्टारडस्ट अवार्ड, जी सिने अवार्ड्स, आईफा, और फिल्मफेयर आदि में नामांकन और पुरस्कार मिल चुके हैं। हाल ही में उन्हें भूल भुलैया 3 और चंदू चैंपियन के लिए भी कई पुरस्कार मिले।

# नए शो में हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी मोनालिसा






अभिनेत्री मोनालिसा ने 21 नवंबर को अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया। अपने स्पेशल दिन पर भी मोनालिसा ने काम किया, आखिर मामला नए शो का जो है। मोनालिसा ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपने नए शो पर अपडेट दिया है, जिसमें वे हितेन तेजवानी के साथ काम करेंगी। मोनालिसा ने लिखा, यह जन्मदिन नई शुरुआत के साथ खास रहा, वर्किंग बर्थडे, मिलिए सूर्या और शनाया से, एक नया किरदार शानदार को-एक्टर के साथ शो में। क्योंकि सास भी कभी बहू थी फेम हितेन के साथ काम करते हुए मोनालिसा ने कहा, शानदार अनुभव रहा। हितेन ने भी लिखा है, शुक्रिया मोना जी, धमाल करते हैं। मोनालिसा ने बर्थडे सेलिब्रेशन की फोटोज भी शेयर की हैं, जिनमें अपने पति के साथ नजर आ रही हैं।

# राशी खन्ना ने फरहान अख्तर को बताया शानदार इंसान



एक्ट्रेस राशी खन्ना इन दिनों अपनी नई फिल्म '120 बहादुर' को लेकर काफी उत्साहित हैं। फिल्म आज यानी शुक्रवार को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। रिलीज के साथ ही राशी ने न केवल अपने को-स्टार फरहान अख्तर की तारीफ की बल्कि दर्शकों से फिल्म के लिए प्यार भी मांगा। इंस्टाग्राम पर बीटीएस तस्वीरों को पोस्ट करते हुए राशी खन्ना ने को-स्टार और फिल्म निर्माता फरहान अख्तर की जमकर तारीफ की। राशी ने फरहान के साथ एक तस्वीर पोस्ट करते हुए फिल्म में अपने किरदार का जिक्र करते हुए लिखा, फरहान सर के साथ शगुन शैतान सिंह का रोल करना ऐसा लगा जैसे किसी ऐसी जगह पर कदम रख दिया हो, जहां सब कुछ अच्छा और आसान हो गया हो। उनमें एक शांत, समझदार इंसानियत है, जो आपको सबसे इंटेंस सीन में भी सुरक्षित महसूस कराती है। अभिनेत्री ने फरहान का आभार जताते हुए आगे लिखा कि फरहान के साथ बिताए हर पल के लिए वह शुक्रगुजार हैं। साथ ही उन्होंने मजाकिया अंदाज में यह भी जोड़ा कि उन सभी मौकों के लिए भी धन्यवाद, जब फरहान सर ने जरूरत पड़ने पर उन्हें हंसाया। राशी ने दर्शकों से फिल्म देखने की अपील करते हुए कहा, 120 बहादुर हमारी फिल्म अब आपकी है। प्लीज जाइए, अपना प्यार बरसाइए। फिल्म की कहानी रेजांग ला की लड़ाई पर आधारित है, जहां 120 भारतीय सैनिकों ने 3,000 चीनी सैनिकों के खिलाफ डटकर मुकाबला किया। यह फिल्म सैनिकों की वीरता और देशभक्ति की भावना को शानदार तरीके से पर्दे पर पेश करती है। 120 बहादुर को एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैपी स्टूडियोज ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। रजनीश घई के निर्देशन में बनी फिल्म में राशी खन्ना ने शगुन का किरदार निभाया है, जबकि फरहान अख्तर मेजर शैतान सिंह के रोल में हैं। झ



# रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहा हूं, यह मेरे लिए नई शुरुआत है

90 के दशक वाले प्यार की सादगी और गहराई को नए अंदाज में दिखाने वाली फिल्म 'गुस्ताख इश्क' जल्द ही रिलीज होने वाली है। विभु पुरी के निर्देशन में बनी इस रोमांटिक ड्रामा में पहली बार फातिमा सना शेख और विजय वर्मा साथ नजर आएंगे। फिल्म में रिश्तों, प्यार और भावनाओं की जटिलताओं को पेश किया गया है। इसका खास आकर्षण गुलजार और विशाल भारद्वाज का संगीत है, जिसे दर्शक लेकर काफी उत्साहित हैं। हाल ही में विजय ने बातचीत में अपने अनुभव साझा किए।

**90 के दशक की बहुत सी बातें याद आती हैं, खासकर उस दौर का सच्चा प्यार और जज्बात। आपको उस समय की कौन-सी बातें सबसे ज्यादा याद आती हैं?**

90 के दशक की बहुत सी यादें हैं। हर चीज में अपना अलग मजा था। मौसम का, फिल्म देखने का, थिएटर की लाइन में लगने तक का। उस समय हर चीज के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन लोग उस इंतजार को भी एन्जॉय करते थे। लाइट चली जाती थी तो परिवार या दोस्तों के साथ बातें करते थे, पुराने फोटो एल्बम देखते थे, छोटी-छोटी खुशियां मनाते थे। वही पुरानी खूबसूरत यादें इस फिल्म में फिर से देखने को मिलेंगी।

**स्कूल टाइम में जो मासूम प्यार होता था, वो एकतरफा था या दोतरफा? कोई अनुभव शेयर करें?**

एकतरफा ही था, क्योंकि कभी बात नहीं की। शायद दोतरफा भी हो, लेकिन मौका ही नहीं मिला।

**आपने कभी अपने दिल की बात कही थी?**

स्कूल के समय मैं बहुत शर्मीला था, किसी से ज्यादा बात नहीं करता था। 18 साल की उम्र में पहली बार किसी लड़की से बात हुई। उसने खुद मुझे एक चिट्ठी भेजी थी, जिसमें लिखा था- तुम चेक शर्ट में अच्छे लगते हो। इसके बाद हम दोस्त बने, फिर कुछ सालों बाद हमारी डेटिंग शुरू हुई। कुछ समय बाद हमारा रिश्ता खत्म हो गया, और उसके बाद मैं पढ़ाई के लिए पुणे के एफटीआई चला गया।

**नसीरुद्दीन शाह के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा? सुना है, एफटीआईआई में उनकी वर्कशॉप में आप नहीं जा पाए थे, क्या कहानी है?**


जब मैं एफटीआई में था, तब नसीर साहब की वर्कशॉप हमारे बैच में नहीं हुई थी। अगले बैच में उनकी वर्कशॉप रखी गई, तो मैं और मेरा एक दोस्त पुणे चले गए। हमने सोचा था कि क्लास में बैठ जाएंगे, लेकिन वहां जाने की अनुमति नहीं मिली क्योंकि वो दूसरे बैच की वर्कशॉप थी। हम बाहर ही पूरा दिन बैठे रहे, बस उनसे मिलने की उम्मीद में। शाम को जब नसीर साहब ने देखा कि हम अब भी बाहर बैठे हैं, तो मुस्कुराकर बोले, कल सुबह 9 बजे आ जाना। इसी तरह हमें उनकी वर्कशॉप में शामिल होने का मौका मिल गया।

**विजय आप अपनी को-स्टार फातिमा के बारे में क्या कहेंगे?**

फातिमा बहुत डाउन टू अर्थ और सिंपल हैं। बिल्कुल भी एटीट्यूड नहीं है, बड़ी फिल्मों में काम करने के बावजूद बहुत ग्राउंडेड है।

**हाल में आपने ओटीटी पर कई अच्छे रोल किए, अब फिर रोमांटिक हीरो बनकर लौट रहे हैं, कैसा लग रहा है?**

बहुत नया महसूस हो रहा है, जैसे एक्टर के तौर पर दोबारा जन्म ले रहा हूं। मेरी फिल्में काफी समय बाद थिएटर में आ रही हैं, वो भी बतौर लीड। तो यह मेरे लिए नई शुरुआत है। बस चाहता हूं कि ऑडियंस का प्यार और सपोर्ट मिले ताकि आगे बढ़ता रहूं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in